
दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 340 | सीकर, शुक्रवार 06 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8






# गुरुदेव महाश्रमण का लाडनूं में पावन प्रवेश

## सर्वसमाज द्वारा संत सेना का भव्य स्वागत

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** गुरुवार सुबह आचार्य महाश्रमण का मंगलपुरा से लाडनूं में भव्य पावन प्रवेश हुआ है। इस दौरान लाडनूं गौशाला में उनका स्वागत किया गया। इसके बाद एमएन घोड़ावत हॉस्पिटलद्व शहर काजी सैयद मोहम्मद मदनीद्व मेड़तियान सिलावट समाजद्व नागौरी सिलावट और मुस्लिम समाज द्वारा गुरुदेव का उमराव शहीद दरगाह में भव्य अभिनन्दन किया गया। आचार्य श्री का लाडनूं पधारने पर जगह जगह अभिनन्दन हुआ। उन्होंने भाग्य श्री भवन पहुंचकर अपना पहला प्रवचन देते हुए लोगों को ईमानदारी अपने जीवन में अंगीकार करने का संदेश दिया। गुरुदेव ने कहा कि अणुव्रत सिर्फ जैन समाज के लिए नहीं है जैन हो या अजैन हो सभी मनुष्यों को अपने जीवन में ईमानदारी और अणुव्रत धर्म को अपनाना चाहिए। मानव मात्र के कल्याण के लिए अणुव्रत और ईमानदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सदमार्ग पर चलने के लिए आपके गृहस्थ जीवन में कठिनाइयां आ सकती हैं मगर अंत में इसका लाभ मिलता है। ईमानदारी से कमाए गए पैसों में बरकत होने का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजसेवी भागचंद बरडियाद्व प्रवीण बरडिया, लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, प्रवास समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, महामंत्री निर्मल कोटेचा, मंत्री राजेंद्र खटेड, जगन्नाथ बुरड़क, श्रीराम खीचड़, शकूर खान मोयल, नाथूराम कालेरा, महावीर जैन सहित सर्व समाज के अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।




## चांदी आज 28 हजार सस्ती हुई

### वायदा बाजार में भाव 2.40 लाख/किलो पर आया; 10 ग्राम सोना 3 हजार रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार दो दिन की तेजी के बाद आज 5 फरवरी को गिरावट रही। वायदा बाजार में चांदी का दाम करीब 24 हजार रुपए कम हो गया है। 1 किलो चांदी का भाव 2.44 लाख रुपए पर आ गया है। सोने का दाम भी करीब 2 हजार रुपए गिर गया है। 10 ग्राम सोना 1.51 लाख रुपए पर है। इससे पहले 29 जनवरी से 2 फरवरी के बीच चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। वहीं, सोने की कीमत में 26 हजार रुपए कम हुई थी।

**सर्राफा बाजार में चांदी 2.54 लाख प्रति किलो पहुंची-** इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, आज सर्राफा बाजार में चांदी 28,123 रुपए गिरकर 2,54,339 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 4,123 रुपए कम होकर 1,52,502 रुपए पर आ गया है। मुनाफा वसूली के कारण सोने-चांदी की कीमत में गिरावट है।

## मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी।

बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा,अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है। और लोगों के फंसे होने की आशंका है। एक घायल व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिलांग के अस्पताल में रेफर किया गया। यह जानकारी ईस्ट जैंतिया हिल्स के स्क्र विकाश कुमार ने दी।






# निलंबित लेक्चरर के आत्महत्या के मामले में आया नया मोड

# परिजनों ने शव लेने से किया इनकार

## आत्महत्या करने से पहले दोस्त को भेजा था सुसाइड नोट

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** महेश नगर थाना इलाके में निलंबित लेक्चरर के आत्महत्या करने के मामले अब एक नया मोड़ सामने आया है। निलंबित लेक्चरर ने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट में एसओजी के दो अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए है। मृतक ने आत्महत्या करने से पहले सुसाइड नोट अपने दोस्त को व्हाट्सएप पर सेंड किया था।

जिसकी जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने मृतक का शव लेने से इनकार कर दिया और सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर धरने पर बैठ गए। थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि सांचौर जालोर निवासी मनोहर लाल भादू लेक्चरर था और भर्ती परीक्षा-2022 में डमी कैंडिडेट बिठाने के आरोप में निलंबित चल रहा था। बुधवार देर शाम ने मनोहर लाल भादू ने थाना इलाके में रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। लेकिन आत्महत्या करने से पहले मनोहर लाल भादू ने एक सुसाइड नोट लिख और दोस्त को व्हाट्सएप कर दिया। जिसमें मृतक ने एसओजी अधिकारियों पर रुपए ऐंठने का आरोप लगाया। आरोप है कि एसओजी अधिकारियों ने जिस मामले में उसे फंसाया है वो उसमें इतना इन्वॉल्व नहीं था। मनोहर लाल भादू सुसाइड नोट में बताया कि उसे डमी कैंडिडेट बिठाने के आरोप में उसे निलंबित किया गया था और इस प्रकरण को लेकर उसके खिलाफएसओजी जांच कर रहीं थी। इस मामले की जांच में एसओजी अधिकारियों ने मामले में फंसाने की धमकी देकर उससे रुपए ऐंठने का प्रयास किया। मृतक मनोहर लाल भादू का मानना है कि वर्ष-2022 से पहले उससे कुछ गलतियां हुई थी। लेकिन अजमेर एसओजी में दर्ज हुए मुकदमें में उसका नाम नहीं था ना ही चालान में एसओजी ने उसका नाम कहीं नहीं दर्शाया था। इसके बाद भी एसओजी अधिकारियों ने कई बार इस मामले में उससे पूछताछ की और रुपए ऐंठने का प्रयास किया। लेकिन भर्ती परीक्षा दिनेश कुमार को गिरफ्तार करने के बाद मनोहर लाल भादू को इस मामले में जबरन घसीटा गया, मृतक ने सुसाइड नोट में बताया कि इस मामले के अलावा भी दो अन्य मामलों में भी उसका नाम जोड़ा गया।

### संगरिया के कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया पहुंचे धरना स्थल पर

मनोहर लाल भादू के आत्महत्या करने की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में शोक की लहर छा गई और ग्रामीण लोग बुधवार देर रात ही शव लेने के लिए जयपुर आ पहुंचे। लेकिन सुसाइड नोट वायरल होने के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और धरने पर बैठ गए और मनोहर लाल को न्याय दिलवाने की मांग करने लगे। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पोस्टमार्टम करवाने व शव लेने से इनकार कर दिया। इसी बीच संगरिया के कांग्रेस विधायक अभिमन्यू पूनिया भी धरना स्थल पर आ पहुंचे और ग्रामीणों से मांग की मृतक मनोहर लाल भादू ने सुसाइड नोट में एसओजी के जिन दो अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं पुलिस अधिकारी मृतक के परिजनों से समझाइश करने में जुटे हुए है। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस का जाब्ता भी मौके पर तैनात रहा।

## नवंबर से जनवरी तक ट्रैफिक उल्लंघनों पर बड़ी कार्रवाई

### 5.73 करोड़ से अधिक की राशि राजकोष में जमा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना बनाकर सख्त उपाय करने के निर्देश दिए । जयपुर पुलिस ने जनवरी माह में 1 करोड़ 84 लाख 79 हजार 100 रूपये, दिसम्बर माह में यह 2 करोड़ 3 लाख 41 हजार 71 रुपये व नवम्बर माह में 1 करोड़ 85 लाख 63 हजार 4 सौ रुपये की राशि राजकोष में जमा करवाई गई। पुलिस कमिश्नर मित्तल के प्रयासों से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों को न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट से भी मजबूती मिली है। न्यायालय द्वारा यातायात नियम की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए अधिकतम अभियोजन व्यय अधिरोपित किये जा रहे हैं। कोर्ट में वाहन चालकों पर दोषसिद्धि उपरांत अधिकतम अभियोजन व्यय अधिरोपित किए जाने से पुलिस कमिश्नर मित्तल के प्रयासों को भी मजबूती मिली है। पुलिस कमिश्नर मित्तल ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाना, हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना एवं ड्रंक एंड ड्राइव इत्यादि उल्लंघनों करने वालो पर तत्काल चालान जारी किये जा रहे है। कैमरा और मोबाइल एप के माध्यम से रीयलज्टाइम मॉनिटरिंग से ट्रैफिक प्रवाह में सुधार हुआ है, जिससे जाम कम हुआ और यात्रा समय घटा है। इसके अलावा अभियान चलाकर आम लोगों को ट्रैफिक्र नियमों की पालना के लिए समझाइश भी की गई। हाई?रिस्क क्षेत्रों में लगातार गश्त से अत्यधिक दुर्घटना वाले स्थानों की पहचान कर सुधारात्मक उपाय तुरंत लागू किए जा रहे हैं। मित्तल ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित परिवेश बनाना है जहाँ हर नागरिक बिना डर के सड़क पर चल सके। सख्ती के साथ साथ हम जनता के सहयोग से यह लक्ष्य हासिल कर रहे हैं।

## स्टेच्यू सर्किल से विधानसभा टी-पॉइंट तक नो-पार्किंग, जयपुर पुलिस की नई यातायात व्यवस्था

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए राजधानी जयपुर के स्टेच्यू सर्किल से पोलो सर्किल व पोलो सर्किल से विधानसभा टी-पॉइन्ट तक रोड के दोनों तरफवाहन नहीं ख? करने की अधिसूचना हुई है। पुलिस उपायुक्त यातायात सुमित मेहरडा ने बताया कि आमजन को सुरक्षित व जाम रहित यातायात उपलब्ध कराने के लिए स्टेच्यू सर्किल से पोलो सर्किल एवं पोलो सर्किल से विधानसभा टी-पॉइन्ट तक रोड के दोनो तरफ पूर्णतया नो-पार्किंग स्थल के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस मार्ग पर वाहन पार्किंग कर यातायात अवरूद्ध करने वालों के विरूद्ध यातायात नियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी। मेहरज ने बताया कि हमारा लक्ष्य दंडात्मक कार्रवाई करना नहीं है बल्कि स?कों पर सुगम परिवहन की व्यवस्था करना है जहां एक नागरिक बिना डर व परेशानी के सड़क पर चल सके। हमारी इस कवायद में नागरिकों का सहयोग हमारे काम और लक्ष्य को आसान बनाएगा। राजस्थान उच्च न्यायालय के बाहर स?क के दोनों तरफपार्क होंने वाले वाहनों को पोलो ग्राउंड में नया पार्किंग स्थल मिलने से इस मार्ग पर यातायात का संचालन बिना अवरोध एवं बाधा के अब हुआ निर्बाध एवं सुगम। उल्लेखनीय है कि राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के वाहन पोलो सर्किल से सचिवालय तक सड़क के दोनों तरफ पार्क होने से इस मार्ग पर यातायात के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही थी और आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी । अब पोलो ग्राउंड में नवनिर्मित पार्किंग स्थल मिलने से अधिवक्ताओं के वाहन वहाँ पार्क होने लग गए हैं। इससे यातायात का संचालन बिना अवरोध के निर्बाध होने लग गया।

## पार्श्व चयन परीक्षा 7 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन, जिला सीकर के प्राचार्य नारायण सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय पार्श्व चयन परीक्षा-2026 का आयोजन शनिवार 7 फरवरी 2026 को सुबह साढ़े 10 बजे किया जाएगा। यह परीक्षा सीकर जिले के पाटन में निर्धारित दो परीक्षा केंद्रों जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन तथा जगन्नाथ दिवान राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पाटन पर आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को प्रातः 10 बजे अपने आवंटित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करानी अनिवार्य होगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक है। परीक्षा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है अथवा प्राचार्यए जवाहर नवोदय विद्यालय पाटन, जिला सीकर से संपर्क किया जा सकता है।

## राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्वता दावे 10 तक ऑनलाईन भिजवाना अनिवार्य

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर सरिता सैनी ने बताया कि समस्त राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य हुआ है, उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को भुगतान के लिए परिपक्व होने जा रही है। ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी अपने परिपक्वता दावे एवं पदस्थापन विवरण के लिए परिशिष्ट क (दोनों तरफ से), मूल बीमा पॉलिसी, बीमा पासबुक, रिकॉर्ड बुक, कैंसिल चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति तथा बीमेदार द्वारा बढ़ाई गई अंतिम बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र सहित आवश्यक समस्त दस्तावेज अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से एसआईपीएफ पोर्टल पर 10 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर ऑनलाईन भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि स्वत्व राशि के भुगतान की कार्यवाही नियत समय पर की जा सके। उन्होंने बताया कि समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत ऑनलाईन आवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित कराएं।

## अमन कॉफ्रेंस 8 को

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहरी जमीअत अहले हदीस लाडनूं के तत्वावधान में 8 फरवरी को मस्जिद मुबारक के पास जावा बास में भव्य अमन कॉफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस कॉफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, शांति, सद्भाव एवं इंसानियत के पैगाम को आमजन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान शैख डॉ सैयद मेअराज रब्बानी हाफिजुल्लाह, शैख शमीम फौजी मुंबई, शैख कमालुद्दीन सनाबिली विशेष वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे।

## प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. कलवाणी को दी श्रद्धांजलि

निसं




**तारानगर (नवयत्न)।** ब्राह्मण पंचायत भवन तारानगर में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य स्वण्पण्डित उमाशंकर कलवाणी की आत्मिक शान्ति हेतु श्रद्धांजली सभा रखी गई। सभी लोगों ने कलवाणी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि स्व. कलवाणी ज्योतिष, संगीत एवं कर्मकाण्ड में विख्यात थे उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर ब्राह्मण पंचायत महासभा के अध्यक्ष शंकरलाल महर्षि, पुष्करदत इन्दौरिया, कुरडाराम शर्मा हर्षचन्द्र शर्मा, कथाव्यास जितेन्द्र शर्मा, पंग्गोपाल शास्त्री, हरि इंदौरिया, टीकमचंद व्यास, पुरूषोत्तम कौशिक, नन्द किशोर व्यास, प्रहलाद, संदीप, सुखलाल व्यास, ताराचंद मिश्रा, संजय महर्षि, गौतम शास्त्री, काशीराम पारीक, वेदप्रकाश, मनीराम, शर्मा, गणेश, मनोज, महेश, महेंद्र, नरेश, किशन, शिव कुमार शर्मा, शशिकांत, रोहिताश दाधीच, जगदीश व्यास, लालचंद, महावीर महर्षि, मनोहर सांखोलिया, सुभाष शर्मा, पवन शर्मा, आशाराम महर्षि, हेमंत व्यास, विजय आदि लोग शामिल रहे।

## बोर्ड एग्जाम की तैयारी : परीक्षा की अंतिम दौर की तैयारी एवं समय प्रबंधन



**नवयत्न।** कुछ दिनों में बोर्ड एग्जाम शुरू होने वाले हैं यह समय बच्चों के लिए तैयारी को फाइनल रूप देने का है ऐसे समय में समय प्रबंधन अति महत्वपूर्ण है लिए जाने समय प्रबंधन एवं अंतिम तैयारी ।

### सब टॉपिक

टाइम टेबल के अनुसार विषयों का रिवीजन, हर विषय को छात्र अपने स्तर के अनुसार रणनीति बनाकर रिवीजन करें आने वाले तथ्य को बार-बार नहीं पढ़े एवं जो टॉपिक्स बिल्कुल भी नहीं आते हैं उन्हें अंतिम दौर में नहीं पढ़े जो टॉपिक आपको कंठस्थ है उनको परीक्षा के एक या दो दिन पहले रिवीजन करें इस समय उन टॉपिक पर फोकस करें जो स्कोरिंग करने में सहायक हैं जैसे फार्मूले, डायग्राम रेफरेंस आदि। अंतिम दौर में आपकी पीछे के टेस्टों या प्री बोर्ड की छोटी मिस्टेक रही है उन पर भी फोकस करें।

### ब्रेक बनाए रखेगा ऊर्जावान

लगातार रिवीजन करना मस्तिष्क को बोरिंग करता है इसलिए 30 मिनट पढ़े व 5 मिनट का ब्रेक ले यह तरीका आपके दिमाग को थकने से रोकता है एवं एनर्जी बनी रहती है आपके एकाग्रचित होकर अध्ययन करने में भी सहायक है ।

### शेड्यूल में करें बदलाव

एन वक्त में तैयारी के लिए बदलाव करें जैसे प्रातः काल में कठिन विषयों का रिवीजन करें, दोपहर में हल्के व आसान टॉपिक पढ़ें। शाम के समय में थ्योरी वाली टॉपिक को पढ़ें

### पर्याप्त नींद लेना जरूरी

बच्चे देर रात तक जागकर एवं सुबह जल्दी उठकर पढ़ते हैं तो नींद पूरी नहीं हो पाती है यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करता है एवं स्मरण शक्ति व स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालती है।

### घबराहट का समाधान

इस अंतिम दौर की तैयारी के समय अधिकतर बच्चों को यह लगता है कि उनको कुछ भी याद नहीं है अक्सर अच्छी तैयारी करने वाले बच्चों का परीक्षा में दबाव के कारण आत्मविश्वास कम होने लगता है और घबराहट में उनको लगता है कि वह भूल रहे हैं ऐसे में दूसरों से तुलना ना करते हुए गहरी सांस लें जब तनाव हो एवं स्वयं आत्मविश्वास बनाकर अपनी तैयारी को कम नहीं होने दें।

### परिवार की भूमिका

पारिवारिक सदस्य बच्चों पर पढ़ने का दबाव नहीं बनाएं उनके साथ बैठकर सकारात्मक बातें करें। बच्चों को उनके क्षमता के अनुसार समय सारणी बनाने दें । उनके स्वास्थ्य एवं नींद व खानपान का पर्याप्त ध्यान दें।

### खेलकूद में शारीरिक गतिविधियां

परीक्षा से पूर्व है व परीक्षा के दिनों के दौरान बच्चों को पूर्व से निर्धारित खेल व शारीरिक गतिविधियों से दूर नहीं करें। ये इस दौरान उनके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करती हैं ।

**करियर काउंसलर**
**राजेंद्र बीरड़ा, सीकर**

## 2100 कलशों के साथ निकाली कलश यात्रा

निसं



**बीदासर (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव धोरां की ढाणी स्थित गोरख धुणा में संत पं. रेंवती रमण के आश्रम पर महा शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में रुद्र महायज्ञ समिति के तत्वाधान में शुक्रवार से शुरू हो रहे 121 कुंडीय रुद्र महायज्ञ व विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर गुरुवार को कस्बे की बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गाजे बाजे मनमोहक झांकियों व 2121 कलशों के साथ महिलाओं व युवतियों ने कस्बे के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी तो कस्बे का वातावरण धार्मिक बन गया। विशाल शोभायात्रा को देखने के लिए जगह-जगह श्रद्धालुओं का हजूम उमड़ पड़ा। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। 11 दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन की जानकारी देते हुए संत के परम शिष्य समाजसेवी शिक्षक घनश्याम लाल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को यज्ञ आचार्य पंडित चंद्रशेखर दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू होगा। जिसमें 363 जोड़े व 121 पंडित प्रतिदिन एक साथ हवन में आहूतिया देंगे। यज्ञ के दौरान कार्यक्रम स्थल पर भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिव पुराण कथा दोपहर 1:30 बजे से 3:30 बजे तक, राम कथा दोपहर 3:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक चलेगी। विशाल धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति 16 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है पंडित रेंवती रमण जी के आश्रम पर वर्ष 1997 से लगातार रुद्र महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष 30 वां रुद्र महायज्ञ का आयोजन होगा।

## हनुमान मंदिर में हुआ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय नया बास रोड पर स्थित श्री टाडा वीर हनुमान मन्दिर में गत रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें फतेहपुर शेखावाटी के प्रसिद्ध भजन गायक रामदास चीमा बाबा ने जोरदार भजनों की प्रस्तुतियां दीए जिन पर श्रोता झूम उठे। बता दें कि यह कार्यक्रम मन्दिर के 22वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दूसरे दिन हवन और भंडारा के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। वहीं 7 फरवरी को मन्दिर में शिव परिवार की स्थापना होगी। पुजारी राजकुमार स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर विजय काछवाल, राजेश जांगिड़, कमल शर्मा, मनीष स्वामी, निरंजन जाट, विक्रम स्वामी, बनवारी जांगिड़ सहित कई कार्यकर्ता व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। इस अवसर पर महावीर पाटनी, मांगीलाल टेलर, अजीत तोषनीवाल, गोपाल शर्मा, सुरेश मालानी, महेश ओझा, अमित छाबड़ा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 11वीं मंजिल से लकड़ी का बंडल गिरने से नीचे दबने से मजदूर की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** रामनगरिया थाना इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करते वक्त 11वीं मंजिल से लकड़ी का बंडल नीचे आ गिरा और उसके नीचे दबने से एक मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन बिल्ड्गि में क्रेन की सहायता से ग्राउड फ्लोर से 11वीं मंजिल पर लकड़ी का बंडल चढ़ाया जा रहा था। इसी दौरान क्रेन से लकड़ी का बंडल नीचे आ गिरा और 19 वर्षीय मजदूर उसके नीचे दब गया। हादसे के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मजदूरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से लकड़ी के बंडल को साइड में करवा शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जेएनयू हॉस्पिटल भिजवाया। जहां से मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसआई गिरवर सिंह ने बताया कि बुधवार को बुधवार को गोनेर रोड पर एक निर्माणाधीन बिल्डिग का कार्य चल रहा था। जिसमें मूलता बिहार के कटिहार निवासी मानिक कुमार 19 पुत्र सोनू कुमार मजदूर ग्राउंड फ्लोर पर मजदूरी कर रहा था। क्रेन की सहायता से एक भारी लकड़ी के बंडल को 11वीं मंजिल पर चढ़ाया जा रहा था। तभी अचानक से सेफ्टी बेल्ट खुलने के कारण लकड़ी का बंडल 11वीं मंजिल से नीचे आ गिरा और मानिक उसके नीचे दब गया उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक मानिक 8 महीने पहले ही अपने गांव से मजदूरी करने के लिए जयपुर आया था और वो अपने माता-पिता और बहन के साथ ही घटना स्थल से महज 50 मीटर दूर टीन शेड वाले कमरे में रहता था। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वेंकटेश फागोत्सव 8 को

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित सिद्ध पीठ वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में 8 फरवरी को फागोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में 8 फरवरी को आयोजित होने वाले फागोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। फागोत्सव के दौरान ही मंदिर परिसर में गुलाल व फूलों से मिश्रित भगवान का श्रृंगार भी किया जाएगा। बालाजी मंदिर के महाराज के अनुसार 8 फरवरी को सुबह भगवान की अर्चना होगी, महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जोत जलेगी एवं सुप्रसिद्ध भजन गायककारों द्वारा भजनों की रसगंगा भी प्रवाहित की जाएगी।


## आम सूचना

मैं नजीर खान मलवाण पुत्र उम्मेद खान, जाति-कायमखानी, निवासी शहरीया बास, लाडनूं, तहसील लाडनूं जिला डीडवाना-कुचामन (राज.)। यह कि मेरा पुत्र अरबाज खान, पुत्रीयां मदीना बानो व परवीन बानो है जो मेरे कहे सुनने में नहीं है एवं वो बालिग है एवं तीनो शादीसुदा है एवं खुले विचारों के व्यक्ति है जो मेरे परिवार से अलग ही रहवास निवास करते है एवं अपना अलग ही लेन देन करते है जो वर्तमान में किससे क्या सम्पर्क किया है उसकी मुझे या मेरे परिवार को कोई जानकारी नहीं है। मेरा पुत्र अरबाज खान, पुत्रीयां मदीना बानो व परवीन बानो मेरे एवं मेरे परिवार के कहें सुनने में नहीं है तथा ना ही उसने हमारी पारिवारिक जिम्मेदारीयों का निर्वहन किया है इसलिए मैंने मेरे पुत्र अरबाज खान, पुत्रीयां मदीना बानो व परवीन बानो को मेरी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है आज के बाद मेरे पुत्र अरबाज खान, पुत्रीयां मदीना बानो व परवीन बानो का मेरी किसी भी चल अचल सम्पति में कोई हक हिस्सा नहीं होगा। आज के बाद इनसे कोई किसी भी प्रकार का व्यवहार व लेनदेन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा मेरी व मेरी परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कार्यालय नगर पालिका पलसाना सीकर (राज0)

E-mail – ulbpalsana@gmail.com

क्रमांकः नपाप / 2025–2026 / 1047 दिनांक : 02.02.2026

**ई-निविदा संख्या 01 / 2025-2026**

नगरपालिका पलसाना की ओर से नगर पालिका क्षैत्र में निम्नलिखित कार्य के लिए सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली की विस्तृत जानकारी http:/eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्नलिखित यूबीएन कमांक द्वारा देखी जा सकती है

| S.NO | WORK S.NO. | SPPP UBN | NIB NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 | DLB2526GLOB32925 | DLB2526B1112 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पलसाना

राज.संवाद / सी / 25 / 19152

# कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सीकर में कक्षा 12 की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, भावनात्मक वातावरण एवं अनुशासित गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ संस्थान अध्यक्ष झाबर मल एवं संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ सुशीला पूनिया ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त की तथा उन्हें आत्मविश्वास, निरंतर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर जीजीए प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने परीक्षा काल में पर्याप्त नींद लेने, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा भावी कॉलेज जीवन में सद्संगति अपनाने पर बल दिया और आगामी परीक्षाओं एवं जीवन के नए चरण के लिए शुभकामनाएँ दी। समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ सुभाग जाखड़ ने छात्राओं को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करते हुए आत्मविश्वास, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम को सफलता की मूल कुंजी बताया। कार्यक्रम के दौरान जूनियर छात्राओं द्वारा सीनियर छात्राओं को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किए गए, जिससे वातावरण भावनात्मक हो उठा। वहीं विदाई ले रही छात्राओं ने गुरुजनों को गुरु दक्षिणा अर्पित कर चरण स्पर्श करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे भारतीय संस्कृति एवं गुरु-शिष्य परंपरा की सुंदर झलक देखने को मिली। समारोह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में कक्षा 12 कला वर्ग की छात्रा मनिषा भावरिया को मिस फेयरवेल तथा कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्रा खुशी को मिस ब्यूटी का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, छात्राएँ एवं विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही। भावनाओं, प्रेरणा एवं उल्लास से परिपूर्ण यह विदाई समारोह सभी के लिए स्मरणीय बन गया।

## कनिष्ठ सहायकों को टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने आदेश जारी कर मृतक राज्य कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति नियम, 1996 के अतिरिक्त अन्य नियुक्ति नियमों के तहत नियुक्त कार्मिकों को भी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किए हैं। इन नियमों में अधिसूचना दिनांक 22 मई 2008 के तहत दंगों, रैलियों एवं आतंकवादी हमलों में मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों की नियुक्ति, राजस्थान क्रीड़ा पदक विजेताओं को बिना पारी नियुक्ति नियम, राजस्थान सशस्त्र बलों, केन्द्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) एवं भारतीय तट रक्षक के मृत अथवा स्थायी रूप से अशक्त कार्मिकों के आश्रितों की नियुक्ति नियम, राजस्थान मृत सशस्त्र बल कार्मिक (शहीद) के आश्रितों की नियुक्ति नियमए कोरोना वायरस संक्रामक रोग (कोविड-19) के कारण हुए अनाथों की नियुक्ति संबंधी नियम, उत्तराखण्ड में मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों की नियुक्ति नियम, राजस्थान स्थायी पूर्ण दिव्यांग सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम तथा कार्मिक विभाग की अधिसूचना 16 मार्च 2023 के तहत नियुक्त कनिष्ठ सहायक एवं लिपिक ग्रेड द्वितीय शामिल हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों (राजस्व विभाग) को निर्देशित किया है कि वे इस आदेश की पालना सुनिश्चित करें तथा अपने अधीन उपरोक्त नियमों के अंतर्गत नियुक्त समस्त कनिष्ठ सहायकों को टंकण परीक्षा में बैठने के लिए स्वयं के स्तर पर सूचना देकर निर्देशित करें। संबंधित कार्मिकों को अपने टंकण परीक्षा के आवेदन पत्र 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला कलेक्टर, सीकर के कक्ष संख्या 34 में जमा करवाने होंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे कार्मिकों को टंकण परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

## वार्षिक उत्सव मनाया



निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** शहर में स्थित क्षितिज मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को वार्षिक उत्सव आयोजित हुआ। इस वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी थाना प्रभारी रामपाल मीणा थे। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मोतीलाल सैनी, डॉ मुकेश बागड़ी, पार्षद प्रतिनिधि राकेश जमालपुरिया, धनाराम सैनी, पार्षद माहिर खान, कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष अकरम मुगल, केसर देव सैनी, मदनलाल सैनी, पवन सैनी आदि थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कृषि अधिकारी रामकरण सैनी ने की। इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत करके कार्यक्रम के चार चांद लगा दिए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, गायन, कविता, चुटकुला एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस वार्षिक उत्सव में अतिथियों ने उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निदेशक रमेश सैनी ने आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित शर्मा, राधेश्याम सैनी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की सचिव सुनीता सैनी, सुभाष ठेकेदार, शिवकरण सैनी व समस्त स्टाफगण, अभिभावक गण और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## हाफिज कुरआन का सम्मान किया



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** मदरसा अहले सुन्नत क़लंदर में दो महिला हाफिजे कुरआन की दस्तारबंदी संपन्न करवाई गई। शहर के गदालीपुरा स्थित मदरसा अहले सुन्नत क़लंदर में इस्लाम के पवित्र ग्रंथ कुरआन को कंठस्थ याद करने वाली दो छात्राओं की दस्तारबंदी का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हाफज़िा मरियम पुत्री मोहम्मद जावेद और हाफ़ज़िा आयशा पुत्री मोहम्मद इरफान की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम में जोधपुर से मौलाना मोहम्मद सलीम विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही चीफ शहरकाजी सैयद मोहम्मद अली की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की निगरानी हाफजि हसन रजा ने की। इस मौके पर मदरसा कलंदरान के सदर मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद सलीम व कमेटी के अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चियों के उज्वल भविष्य उनकी दीनी तरककी की और कामयाबी के लिए विशेष दुआ की गई।

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन उप शाखा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देकर अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों को दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर प्रताड़ित किए जाने के संबंध में न्याय करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश में अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशासनिक कारण बताकर दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है जिस में विधवा, परित्यकता, पति-पत्नी, दिव्यांग और राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित कर्मचारियों के साथ भी भेदभाव की नीति अपनाकर उनको दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। ज्ञापन में स्थानांतरण के संबंध में पुनर्विचार कर निरस्त करने और संशोधन करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद अनवर कुरेशी, अल्लादीन खान, अब्दुल सत्तार तंवर, कासम निर्बाण, साबिर, अकरम व रमजान आदि उपस्थित थे।

## राज्य वृक्ष खेजड़ी को संरक्षित करने हेतु सख्त कानून बनाने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** पर्यावरण संवर्धन व पारिस्थितिकी विकास के क्षेत्र में काम कर रही संस्था नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसायटी, ताल छापर के सदस्यों ने गुरुवार शाम उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से संस्था अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी की अगुवाई में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर राज्य वृक्ष खेजड़ी को बचाने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की है। उपखंड अधिकारी कार्यालय के नायब तहसीलदार मो. असलम को ज्ञापन सौंपा गया। सोसायटी संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि बीकानेर में पर्यावरण प्रेमियों द्वारा दिए जा रहे धरने व आमरण अनशन के समर्थन में ज्ञापन देकर राज्य वृक्ष खेजड़ी को बचाने की मांग की गई। ज्ञापन देने आये प्रतिनिधि मंडल में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी, वरिष्ठ साहित्यकार गौरीशंकर भावुक, पक्षी विशेषज्ञ बृजदान सामौर, सत्यनारायण सारस्वत, नेचर गाइड जितेंद्र स्वामी, राधाकृष्ण मूंधडा, महावीर बिश्नोई आदि शामिल थे।

## राठौड़ से मिलकर गांव की समस्याओं से करवाया अवगत

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** जयपुर में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा चूरू जिला उपाध्यक्ष मनोज जोशी ने पूर्व नेता प्रति पक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ से मिलकर गाँव बांय की कई समस्याओं से अवगत कराते हुए गांव में आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व बनी सीमेंटेड सी सी रोड को पुन: बनाने की मांग की जोशी ने ज्ञापन में बताया कि ये रोड महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल से बस स्टैंड तक ये रोड एकदम क्षतिग्रस्त हो गई है जगह जगह गड्ढे हो गए हैं पानी इक्कठा रहता है आने जाने में आमजन ग्रामीण ओर छात्रों को बहुत ही ज्यादा परेशानी हो रही हैं इसी रोड पर श्याम मंदिर स्कूल है और ये रोड भादरा तारानगर मुख्य रोड भी है। जोशी ने इस बजट में इस सड़क को स्वीकृत कराने की राठौड़ से मांग की है।

## सर्व समाज व विभिन्न संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** सर्व समाज एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी के माध्यम से नगरपालिका सीमा में लोगों की जान माल को खतरा बन रहे बेसहारा नंदियों की नंदी शाला में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि बुधवार की देर शाम अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौटते समय महेश शर्मा व उनके पीछे बैठे वयोवृद्ध अमरचंद दायमा को अशोक स्तंभ के पास स्थित मुनि के कुएं के सामने गली से लड़ते-लड़ते अचानक भागकर सामने आए 3-4 नंदियों ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके पश्चात् घायल होने पर अस्पताल ले जाए जाने पर अमरचंद को गंभीर हालात में बेहोशी की अवस्था में सीकर रैफर कर दिया गया, जिनको समाचार लिखे जाने तक होश नहीं आया है। शहर में आजकल बेसहारा गौ वंश की भागदौड़ व घनी आबादी के बीच उपस्थिति से आये दिन ऐसी दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। हालांकि सरकार एवं दानदाताओं के दिए गए अनुदान से शहर में एक विशाल भूखंड पर नंदीशाला का निर्माण हो चुका है फिर भी उसमें प्रशासन द्वारा नंदियों को न तो भिजवाया जा रहा है और न ही उचित व्यवस्था की जा रही है। अत: इस संदर्भ में नगर के विभिन्न समाजों द्वारा ज्ञापन सौंपकर यथाशीघ्र बेसहारा नंदियों की व्यवस्था की मांग की है तथा कोई उचित कार्यवाही न होने पर प्रशासन को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर इन विविध समाजसेवी संस्थाओं एवं सर्व समाजों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन तहसीलदार इंद्र कुमार द्वारा लिया गया।

## विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** नगर परिषद सीकर एवं वीवॉइस लैब्स प्रा.लि. के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सीकर में विद्यार्थियों हेतु स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार एवं कचरा पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम नगर परिषद आयुक्त के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों तथा दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने के महत्व की सरल एवं प्रभावी जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर नगर परिषद की ओर से अधिशाषी अभियंता नागरमल, एमआईएस अभियंता साहिल अली, विद्यालय की ओर से प्रधानाध्यापिका शारदा सिंह, शिक्षकगण विविता चौधरी, संतरा मील, मुकेश कुमार यादव एवं संदीप कुमार शर्मा उपस्थित रहे। वहीं वीवॉइस कपनी की आईईसी टीम ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

## विवाहिता ने की आत्महत्या

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** रेलवे फाटक संख्या एक के अंदर सूर्य भगवान मंदिर से पहले घर के अंदर बने कमरे मे पंखे के हुक से फांसी का फंदा लगाकर महिला ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर सुजानगढ़ कोतवाली थानाधिकारी बेगाराम मीणा मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौके पर पहुंचे तथा शव को उतारकर बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार मृतका ज्योति पत्नी रघुवीर माली उम्र 35 वर्ष निवासी सूर्य भगवान मंदिर के पास सुजानगढ़ है, जिसका पति काम के लिए पंजाब रहता है तथा गुरुवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़कर वापिस आयी थी। उसके बाद दिन में ये कदम उठा लिया। परिजन घर पहुंचे, तो फंदे पर लटका देख आस-पास के लोगों को इकट्ठा किया। मृतका के 3 बच्चे हैं तथा पीहर मध्यप्रदेश है। मृतका के पीहर पक्ष और पति को सूचना दे दी गयी है। आगे की कार्यवाही पति और पीहर पक्ष के आने के बाद ही होगी।

## गौशाला में गौभक्तों ने दिया आर्थिक सहयोग

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** बाबा गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला को निरंतर सहयोग मिल रहा है। महेंद्रसिंह बुगालिया व विजयपाल सिंह ने बताया कि बीरबलराम कालीरावणा तथा रुक्मादेवी पत्नी बिरबलसिंह द्वारा एक-एक लाख रुपये का सहयोग गोशाला को दिया गया है वही कानसिंह पुत्र इन्द्र सिंह, सेजुदेवी पत्नी मंगेजराम, मीरादेवी पत्नी हरनाथसिंह राइका, राकेश सेन ने 51-51 हजार रुपए दिए हैं। कजोड़ मल सैनी, फुलसिंह पुत्र दानाराम जगदीश प्रसाद सैनी, प्रतापसिंह बुगालिया, कमलेश, रामस्वरूप बुगालिया, सरदार सिंह, गुगनराम कालीरावणा, रामनिवास पुत्र नेतराम, श्रीकिशन सोनी, दयाराम, इंद्राजसिंह, कानसिंह ने हजार, प्रभाती देवी पत्नी ताराचंद कालीरावणा ने हजार, जगदीश राइका, गोकुल राइका, रिशाल कंवर, सूबे ओमप्रकाश बुगालिया, विद्याधर पुत्र मोहनलाल, मूलचंद बुगालिया, राजेश, रतिराम, विजेंद्र कुमार, बुधराम, धनपत मीणा, शिवदान सिंह, बुगालिया, बनवारीलाल, विद्याधर पुत्र भुदाराम ने यथा सहयोग दिया। गोशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया व गौसेवा समिति ने दान दाताओं का आभार जताया।

## गर्भ की पाठशाला यूट्यूब चैनल : चिकित्सा विभाग की अनुपम पहल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** चिकित्सा विभाग की ओर से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अनुपम पहल की गई है। निदेशालय स्तर से इसके लिए यूट्यूब चैनल गर्भ की पाठशाला शुरू किया गया है।

इसमें माध्यम से प्रदेशवासियों को पहली एएनसी, गर्भावस्था तथा आहार जैसी संपूर्ण जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में निरामय राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह अभीनव पहल की गई है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशालय से शुरू किए गए इस यूट्यूब चैनल से अब घर बैठे महिलाएं व आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। निदेशालय के आईईसी ब्यूरो द्वारा संचालित गर्भ की पाठशाला चैनल पर डाइग्राम के माध्यम से पहली एएनसी, गर्भावस्था की पहचान, गर्भावस्था में एनीमिया, गर्भधारण पूर्व परामर्श, गर्भावस्था के दौरान उल्टी, गर्भावस्था में जरूरी पोषण, प्रसव, सुरक्षित गर्भपात, प्रीलेबर रूप्चर ऑफ मेंब्रेन, पूर्व सिजेरियन के बाद गर्भावस्था, पहले सिजेरियन प्रसव के बाद सामान्य प्रसव, लेट टर्म और पोस्ट टर्म गर्भावस्था सहित गर्भावस्था के बारे में चरणबद तरीके से जानकारी दी गई है। इसके अलावा इस पाठशाला में प्रसव के बाद शिशु की देखभाल, कंगारू मदर केयर, शिशु के लिए पूरक आहार, अंतरगर्भाश्य गर्भनिरोधक की जानकारी दी गई है। निदेशक आईईसी डॉ टी शुभमंगला के नेतृत्व में संचालित गर्भ की पाठशाला चैनल पर सभी जानकारी बेहद रौचक व आसानी से महिलाओं की समझ में आ सके इसलिए साधारण भाषा में डाईग्राम के माध्यम से समझाई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने आमजन के लिए बेहद लाभादायक बताया है। उन्होंने बताया कि मेडिकल टर्मनॉलोजी को इस चैनल में आसान हिन्दी में जानकारी दी गई ताकि लोगों को गर्भवस्था में रखी जाने वाली सावधानियां, जौखिम, एनीमिया प्रबंधन, शिशु की देखभाल जैसी उपयोगी जानकारी मिल सके। उन्होंने जिलेवासियों से गर्भ की पाठशाला चैनल का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्वर्ण जयंती समारोह में हुआ शल्यकोन का शुभारम्भ



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की तीन दिवसीय शल्य तंत्र शल्यकोन कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार से किया गया। संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह के इस ऐतिहासिक अवसर पर 9 फरवरी 2026 सोमवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार प्रताप राव जाधव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। इस अवसर पर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य विशिष्ट अतिथिभी उपस्थित रहेंगे। समारोह के दौरान आमजन के स्वास्थ्य हित में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न आयुर्वेदिक नवाचारों का शुभारंभ किया जाएगा। स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत 7 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय कार्यशाला शल्यकोन का आयोजन नेशनल सुश्रुत एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में देशभर से आए आयुर्वेद शल्य चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफसर के.के. ठकराल, कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, प्रोफेसर प्रसन्ना एन रॉव, डॉ. मुकुल पटेल, प्रोफेसर अजय कुमार गुप्ता, शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. पी. हेमंता, संयुक्त निदेशक जेपी शर्मा ने किया।

## अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह 10 को

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** इन्टरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट एवं रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र, जयपुर की ओर से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की सहभागिता में राजस्थान की ध्रुवपद-विरासत के हस्ताक्षर ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पं लक्ष्मण भट्ट तैलंग की पुण्यतिथि 10 फरवरी को 32वां अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह जयपुर ध्रुवपद धरोहर आयोजित किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र के कृष्णायन सभागार में सायं 6 बजे से विभिन्न प्रस्तुतियां होंगी। इसका प्रारम्भ भारत के 150 वर्ष पूर्ण कर चुके राष्ट्रगीत श्वन्देमातरम के गौरव-गान से होगा।

उसकी गुण-बखान की विविधता के भाव के अनुरूप परम्परागत धुन को नवीन ध्रुवपद के छंद में कुछ नये स्वर-संयोजनों के सौन्दर्य के साथ विस्तार दिया जायेगा, जिसे ध्रुवपद-गायिका प्रो. मधु भट्ट तैलंग के निर्देशन में उनके शिष्य प्रस्तुत करेंगे। ये कलाकार तानसेन रचित मध्यकालीन ध्रुवपद-रचना का भी गायन करेंगे। समारोह के अन्य आकर्षण में ध्रुवपद की मंदिर-परम्परा की प्राचीन प्रबन्ध-शैली की दुर्लभ भक्ति-रचनाओं सहित अन्य विविध हवेली संगीत की रचनाएँ अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध गायक आचार्य गोस्वामी रणछोड़ लाल द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। दूसरी प्रस्तुति में ग्वालियर के युवा प्रतिभावान ध्रुवपद-गायक अनुज प्रताप सिंह डागर घराने का धुवपद गायन पेश करेंगे। समारोह में पंण् प्रवीण आर्य, प्रतीश रावत, ऐश्वर्य आर्य पखावज पर, सारंगी पर उ. अमरूद्दीन एवं हारमोनियम पर रवीन्द्र सिंह संगत करेंगे। समारोह में गोस्वामी रणछोड़ लाल को पं. लक्ष्मण भट्ट धरोहर सम्मान, अनुज प्रताप सिंह को विशिष्ट ध्रुवपद प्रतिभा सम्मान एवं विशिष्ट कला-लेखन अवार्ड कला स्तम्भकार ललित शर्मा अकिंचन को दिया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. के एल जैन, अध्यक्ष डॉ. राघव प्रकाश, विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिल शुक्ला एवँ डॉ. सविता पाइवाल होंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका ध्रुवावाणी 2026 के पोस्टर का भी विमोचन होगा।

## 45वीं छात्रकला प्रदर्शनी के पुरस्कारों की घोषणा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान ललित कला अकादमी की 45वीं छात्रकला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने राज्य के निम्नलिखित 10 छात्र-छात्राओं की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य घोषित किया है।

अरुण कुमार कुमावत, नागौर एसेडिंग ग्रेण्डूयर, हर्षा सोनी, ब्यावर द वाल्स आफप्रोग्रेस, विजय, जोधपुर जोधपुरी जारोखा अनन्या सैनी, अजमेर चित्तौडगढ-1, प्राची शर्मा, जयपुर मेमोरी लेन, याशिका जागिड, वाईव आफराजस्थान, सौरभ यादव, अलवर जीवन संघर्ष 1, कृष्णकांत टंगुरिया, वाट अबाउट अस, श्वेता चौहान, जयपुर अनटाईटिल्ड-1, धर्मेन्द्र पंडित कधो पर समाज इस प्रदर्शनी के लिए राज्य भर से 208 छात्र-छात्राओं की 536 कलाकृतियां प्राप्त हुई थी जिसमें से निर्णायक मण्डल ने प्रदर्शनी के लिये 110 छात्र-छात्राओं की 145 कलाकृतियों का चयन किया। इनमें पुरस्कृत कलाकृतियां भी सम्मिलित है। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर पुरस्कृत 10 छात्र-छात्राओं को दस-दस हजार रूपये के नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेंगे । निर्णायक मण्डल के सदस्य सर्वश्री बलदाऊ वर्मा, हेमन्त जोशी एवं गोपाल शर्मा थे।

## सम्पादकीय

# गम देने वाला गेम

ऑनलाइन गेमिंग के भ्रमजाल में फंसकर, उसे हकीकत मानकर जीने वाले किशोरवय जरा से विचलन से आत्मघात की राह पकड़ना अंतिम समाधान समझ लेते हैं। धीरे-धीरे किशोरवय को अपने चपेट में लेने वाली यह प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, उसका उदाहरण बुधवार को घटी दो भयावह घटनाएं हैं। एक हृदयविदारक घटना में गाजियाबाद की तीन अल्पवयस्क बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऑनलाइन कोरियन गेम की दीवानी बहनें कोरिया में जाकर बसने और वहीं नया जीवन शुरू करने का सपना देखती थीं। घर वालों ने जब उनकी ऑनलाइन सनक से परेशान होकर उनसे मोबाइल छीन लिए, तो वे तनाव व अवसाद में घिर गईं। फिर तीनों बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। ऐसी ही घटना हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भी घटी जहां एक पंद्रह वर्षीय किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछुड़ने के गम में घर में आत्महत्या कर ली। किशोर दसवीं का छात्र था। इन घटनाओं ने आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया और बच्चों को लेकर फिक्र बढ़ा दी। निस्संदेह, ये आत्मघात की घटनाएं, ऑनलाइन गतिविधियों के अतिरेक से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को लेकर गंभीर सवालों को जन्म देती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि गाजियाबाद में 12, 14 और 16 साल की तीन सुकोमल बहनें असमय काल-कवलित हो गईं। पुलिस भी प्रथम दृष्टया मान रही है कि इस दुखद घटना के पीछे ऑनलाइन गेमिंग ऐप का अत्यधिक उपयोग और घर में इसके इस्तेमाल को लेकर हुआ विवाद था। वहीं दूसरी ओर जांच अधिकारी अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले पारिवारिक परिस्थितियों और मनौवैज्ञानिक स्थिति सहित सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। इसी तरह कल्लू की घटना भी विचलित करने वाली है। जहां विदेश में रहने वाले एक ऑनलाइन गेमिंग मित्र के साथ संपर्क टूट जाने के बाद अत्याधिक मानसिक व्याकुलता से ग्रस्त पंद्रह वर्षीय छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निश्चित रूप से आत्मघात की ये घटनाएं हमारे नीति-नियंताओं और अभिभावकों को आसन्न संकट के प्रति सचेत करती हैं। दरअसल,ये दुखद घटनाएं एक घातक प्रवृत्ति को ही उजागर करती हैं कि गेमिंग और डिजिटल संपर्क लाखों युवाओं को आभासी समुदाय और मनोरंजन तो प्रदान कर सकते हैं, लेकिन साथ ही ये भावनात्मक कमजोरियों,सामाजिक अलगाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की पूर्ति न होने जैसी समस्याओं को भी जन्म दे सकते हैं। हालांकि, वहीं दूसरी ओर समाज विज्ञानी इस बात पर भी बल देते हैं कि केवल गेमिंग या ऑनलाइन मित्रता ही आत्महत्या का कारण नहीं बन सकती हैं। निस्संदेह, आत्महत्या एक जटिल और बहुआयामी घटना है। लेकिन समस्याग्रस्त डिजिटल जुड़ाव, विशेष रूप से जब यह ऑफलाइन जीवन से अलगाव, बाधित शिक्षा और तीव्र भावनात्मक तनाव के साथ होता है तो संवेदनशील युवा मन में परेशानी को और बढ़ा सकता है।

निस्संदेह, इन दुखद घटनाओं के सामने आने के बाद डिजिटल युग में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। इन त्रासदियों को टालने हेतु तात्कालिक प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके लिये जरूरी है कि माता-पिता को भी डिजिटल जागरूकता प्रदान की जाए। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने तथा किशोरों के लिये मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने की जरूरत है। वक्त की दरकार है कि परिवारों के भीतर खुले संवाद को बढ़ावा दिया जाए। जिससे बच्चे किसी संकट में फंसने से पहले अपनी बात अपने परिवार से कह सकें।

## विशेष आलेख

# पारिस्थितिकीय संतुलन न बिगाड़े सौर ऊर्जा मुहिम

सौर परियोजनाएं राजस्थान के 'ओरण' और राज्य वृक्ष 'खेजड़ी' के लिए अस्तित्व का संकट बन गई हैं। पेड़ काटने से मरुस्थल फैलेगा। इन 'बायोडायवर्सिटी हॉटस्पॉट' में मौजूद दुर्लभ वनस्पतियां व जीवों के घर नष्ट होंगे। वहीं इस भूमि में पैनल बिछने से वर्षा जल संचयन रुक जाता है।

राजस्थान के पश्चिमी अंचल में इन दिनों एक ऐसी गूंज सुनाई दे रही है, जो आधुनिक विकास के मॉडल पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करती है। बीकानेर और जैसलमेर के रेतीले धोरों से उठा 'खेजड़ी और ओरण बचाओ आंदोलन' महज़ चंद पेड़ों को बचाने की कवायद नहीं है, बल्कि यह उस प्राचीन पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने की अंतिम पुकार है, जिसने सदियों से थार के मरुस्थल को जीवंत बनाए रखा है। जिस 'हरित ऊर्जा' को हम वैश्विक जलवायु परिवर्तन के समाधान के रूप में देख रहे हैं, वही सौर परियोजनाएं आज राजस्थान के 'ओरण' और राज्य वृक्ष 'खेजड़ी' के लिए अस्तित्व का संकट बन गई हैं।


मरुस्थल के पर्यावरण में 'ओरण' की महत्ता को वैज्ञानिक और सामाजिक, दोनों ही धरातलों पर समझना आवश्यक है। ओरण वे सामुदायिक वन क्षेत्र हैं, जिन्हें लोक देवताओं के नाम पर समर्पित कर दशकों और सदियों से संरक्षित किया गया है। सरकारी दस्तावेजों में भले ही इन्हें 'वेस्टलैंड' यानी बंजर भूमि के रूप में वर्गीकृत किया गया हो, लेकिन पारिस्थितिकी विज्ञान के नजरिए से ये 'बायोडायवर्सिटी हॉटस्पॉट' हैं। राजस्थान में लगभग 25,000 ओरण हैं, जो करीब 6 लाख हेक्टेयर भूमि पर फैले हैं। ये क्षेत्र न केवल दुर्लभ वनस्पतियों के घर हैं, बल्कि लुप्तप्राय जीवों के लिए अंतिम शरणस्थली भी हैं। यहां की जैव-विविधता अन्य मरुस्थलीय क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक समृद्ध है, जो पूरे क्षेत्र के सूक्ष्म-जलवायु को नियंत्रित करती है।

थार मरुस्थल में मानसून का पैटर्न तेजी से बदल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ओरण और खेजड़ी का विनाश इसी गति से जारी रहा, तो धूल भरी आंधियों की तीव्रता उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, यहां तक कि दिल्ली-एनसीआर तक, कई गुना बढ़ जाएगी। ओरण की घास और पेड़ों की कमी का सीधा अर्थ है—रेत का अनियंत्रित प्रसार।

सुप्रीम कोर्ट ने कई बार स्पष्ट किया है कि ओरण को 'डीम्ड फॉरेस्ट' माना जाए, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में इन्हें आज भी 'बंजर' के रूप में दर्ज किया जाना एक बड़ी प्रशासनिक चूक है। इसी चूक का फायदा उठाकर ऊर्जा कंपनियां इन जमीनों को कौड़ियों के दाम पर लीज पर ले रही हैं।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में सौर परियोजनाओं के विस्तार के कारण केवल पश्चिमी राजस्थान में 26 लाख से अधिक खेजड़ी के पेड़ काटे गए हैं। वैज्ञानिक शोध जैसे फोटोवोल्टिक हीट आइलैंड इफेक्ट संबंधी अध्ययन चेतावनी देते हैं कि सौर पैनलों का अत्यधिक जमाव स्थानीय तापमान को 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा देता है। यह ऊष्मा मरुस्थल के नाजुक पारिस्थितिकी संतुलन को बिगाड़ रही है। इसके अतिरिक्त, 'लेक इफेक्ट' के कारण आकाश में उड़ते पक्षियों को ऊपर से ये नीले पैनल जलस्रोत का भ्रम देते हैं, जिससे टकराकर उनकी मृत्यु हो रही है। जल प्रबंधन के दृष्टिकोण से देखें तो थार मरुस्थल में पानी की एक-एक बूंद स्वर्ण के समान है। लेकिन एक विशाल सौर परियोजना को सुचारु रखने के लिए पैनलों की सफाई हेतु प्रति सप्ताह लाखों लीटर पानी की आवश्यकता होती है। यह पानी उसी भूजल स्रोत से खींचा जा रहा है, जो स्थानीय समुदायों और वन्यजीवों की जीवनरेखा है। जब ओरण की ज़मीन पर कंक्रीट के ढांचे और पैनल बिछ जाते हैं, तो वर्षा जल के संचयन की प्राकृतिक प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है।

जलवायु परिवर्तन के चलते जहां मरुस्थलीकरण को रोकना प्राथमिकता होनी चाहिए, वहां खेजड़ी जैसे पेड़ों को काटना आत्मघाती कदम है। खेजड़ी की जड़ें ज़मीन के 30 मीटर नीचे तक जाकर मिट्टी को थामे रखती हैं और धूल भरी आंधियों की गति को नियंत्रित करती हैं।




यदि ये 'प्राकृतिक दीवारें' ढह गईं, तो मरुस्थल का विस्तार अरावली की सीमाओं को लांघकर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों तक पहुंचने में देर नहीं लगाएगा। आवश्यकता इस बात की है कि सौर ऊर्जा का विकास 'विकेंद्रीकृत' हो—उपजाऊ ओरण और मारू वनों के बजाय छतों और बंजर पहाड़ों का उपयोग किया जाए।

विकास का पैमाना केवल 'मेगावाट' न हो, बल्कि उस पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा भी हो जो सदियों से हमें ऑक्सीजन, चारा और आश्रय देता आया है। मरुभूमि के पर्यावरण, उसकी जैव-विविधता और अनोखी जलवायु को बचाने के लिए ओरण को बचाना अब केवल एक क्षेत्रीय मांग नहीं, बल्कि एक पर्यावरणीय आपातकाल बन चुका है। समझना होगा कि बिना खेजड़ी और ओरण के, राजस्थान का मरुस्थल केवल एक तपता हुआ सौर-कांच का घर बनकर रह जाएगा, जहां जीवन के लिए कोई स्थान नहीं होगा।

यह समय नीति-निर्माताओं के लिए आत्ममंथन का है कि क्या हम एक पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करके प्राप्त की गई बिजली को वास्तव में 'हरित ऊर्जा' कह सकते हैं? मरुभूमि की जैव-विविधता और ओरण की पवित्रता को बचाना अब केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए एक नैतिक उत्तरदायित्व है।

## स्वास्थ्य समाचार

# कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए रोज करें यह एक्सरसाइज

शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के जमा होने से आगे चलकर आपको हाई बीपी, हार्ट अत्तैक और स्ट्रोक की समस्या हो सकती है। शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल एलडीएल नामक कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से होता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर शुरुआत से ही कई लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास करना बहुत फायदेमंद होता है। आज के समय में खानपान से जुड़ी गड़बड़ी, फास्ट फूड्स और बहुत अधिक तला-भुना खाने की वजह से युवाओं में भी हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखने को मिलती है।

शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए आप अपनी खानपान की आदत को सुधारने के साथ रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास जरूर करें। हेल्दी लाइफस्टाइल, रेगुलर एक्सरसाइज और खानपान में बदलाव कर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। आपको बता दें कि शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है, इसे गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल के नाम से जानते हैं। गुड कोलेस्ट्रॉल हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन और बैड कोलेस्ट्रॉल को लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन कहा जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से मोटापा, दिल से जुड़ी बीमारियां, ब्लड प्रेशर की समस्या और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसीलिए डॉक्टर हमेशा



मरीजों को कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलित रखने की सलाह देते हैं। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए इन एक्सरसाइज का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए ब्रिस्क वॉक :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना तेजी से चलना या ब्रिस्क वॉक करना बहुत फायदेमंद होता है। कई शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि रोजाना ब्रिस्क वॉक करने से शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है। इससे हार्ट से जुड़ी समस्याओं का जोखिम भी कम होता है। ब्रिस्क वॉक यानी रोजाना कुछ किलोमीटर तक तेज गति से चलना बहुत फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने में फायदेमंद रनिंग :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रनिंग बहुत फायदेमंद है। रोजाना कुछ किलोमीटर तक रनिंग करने से आप वजन और कोलेस्ट्रॉल दोनों को ही कंट्रोल कर सकते हैं। आर्काइव्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक रोजाना लंबी दूरी की रनिंग करने वाले लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर और घुटनों से जुड़ी कोई समस्या है तो रनिंग करने से पहले एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए साइकिलिंग करें :** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से शरीर में हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद होता है। आप रोजाना कुछ किलोमीटर तक साइकिल चलाकर शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कम करने के अलावा शरीर को हेल्दी और फिट रखने व वजन कम करने के लिए भी साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए योग :** शरीर को निरोगी और हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। अगर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करना चाहते हैं तो नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। रोजाना 40 मिनट से 1 घंटे तक योगाभ्यास करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए आप रोजाना सर्वांगासन, शलभासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, वज्रासन और चक्रासन का अभ्यास कर सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए वेट ट्रेनिंग :** शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज के साथ-साथ वेट ट्रेनिंग भी बहुत फायदेमंद होती है। ऐसे लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से पीड़ित हैं उन्हें रोजाना एक्सपर्ट की देखरेख में वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज करनी चाहिए। कई शोध और अध्यन इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित रूप से वेट ट्रेनिंग करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

# बालों में प्याज का रस लगाने से मिलते हैं कई लाभ, रुक सकता है बालों का झड़ना-टूटना

प्याज न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई तरह के पोषक तत्वों, खासकर एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही प्याज आपके बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है? प्याज में मौजूद कैटालेस नामक एंटी-ऑक्सीडेंट को प्याज सिर में बूस्ट करता है। यह एंजाइम सिर से हाइड्रोजन पेरोक्साइड को खत्म करने में और बालों की ग्रोथ के लिए काफी लाभदायक होते हैं। प्याज में मौजूद सल्फर से बालों के हेयर फॉलिकल्स नरिश होते हैं। वैसे भी हेयर फॉलिकल्स के दोबारा से बनने के लिए सल्फर का होना काफी जरूरी होता है। सल्फर से भरपूर होने के कारण प्याज बालों का टूटना कम करती है और बालों को पतला होने से भी बचाती है।



### प्याज से मिलने वाले अन्य लाभ

- प्याज का प्रयोग करने से बाल जल्दी सफेद नहीं होते हैं और आप समय से पहले सफेद बालों की समस्या से निजात पा सकते हैं।
- प्याज में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो आपको इंफेक्शन से मुक्त करने में मदद करते हैं।
- यह आपकी रुकी हुई बालों की ग्रोथ को तेज करने में भी मदद करता है।
- प्याज के ये गुण बालों में डेंड्रफ की समस्या को भी कम करते हैं।
- प्याज का रस बालों में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार लाता है।

### प्याज का रस लगाने के लिए टिप्स

- इसके लिए आपको एक पूरा प्याज और एक कॉटन (रुई) पैड की जरूरत होगी।
- सबसे पहले प्याज को कद्दूकस कर लें और उसका रस निकाल कर एक साइड रख लें।
- अब कॉटन पैड को प्याज के रस में भिगो लें और अपने सिर पर थपथपाते हुए लगाएं।
- जब आपका पूरा स्कैल्प कवर हो जाए तो थोड़ी देर सिर की मसाज करें।
- इस रस को सिर में 15 मिनट से लेकर एक घंटे तक लगा रहने दें।
- इसके बाद सिर धो लें।

# लोगों के बीच बोलने से घबराता है बच्चा तो इन तरीकों से बनाएं उसको एक्स्ट्रोवर्ट

कई बच्चे लोगों के साथ बात करने या घुलने-मिलने में घबराते हैं। कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं जो फैमिली और दोस्तों के साथ तो खूब बात करते हैं लेकिन स्कूल में टीचर्स के सामने नहीं बोल पाते या रिश्तेदारों के सामने बोलने में घबराते हैं। ऐसे बच्चों को शर्मीला मान लिया जाता है। लेकिन जरूरी नहीं कि ऐसे बच्चे शर्मीले ही हों। कई बार बच्चे कुछ खास लोगों के सामने या खास स्थितियों में बोलने से डरते हैं। इसे सेलेक्टिव म्यूटिज्म कहा जाता है। अगर आपका बच्चा भी लोगों के बीच जाने या बोलने से घबराता है, तो कुछ खास तरीकों से आप उसकी मदद कर सकते हैं।

**सवाल करें और बात करने दें :** बच्चे कई बार खुद से कोई बात शुरू करने से डरते हैं। ऐसे में जब आपका बच्चा दूसरों के सामने हो और कोई बात न कर रहा हो, तो बातचीत शुरू करने के लिए आप उससे छोटे-छोटे सवाल करें और उसे जवाब देने दें। आप ऐसे सवाल कर सकते हैं, जिनके जवाब उन्हें बड़े वाक्यों के साथ देने पड़ें। इस तरह बच्चे की झिझक कम होगी और उसमें बोलने का कॉन्फिडेंस आएगा।

**एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने को कहें :** आप फन टाइम में या मूवीज, टीवी सीरियल्स देखते समय बच्चे को किसी खास कैरेक्टर की एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने के लिए बोल सकते हैं। घर के सदस्यों के बीच अक्सर बच्चे नहीं शर्माते हैं और इस तरह की फन एक्टिविटीज आसानी से कर लेते हैं। ये प्रैक्टिस धीरे-धीरे उनमें बोलने और बात करने की प्रेरणा जगाएगी।

**बच्चे की नए दोस्त बनाने में करें मदद :** अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा शर्मीला है और किसी के सामने भी जाने या बात करने में घबराता है, तो उसकी ये घबराहट उसके दोस्त कम कर सकते हैं। बच्चे अक्सर दोस्तों के साथ ज्यादा कंफर्टेबल होते हैं, इसलिए उनके सामने खुलकर मन की बात बोल पाते हैं। इसलिए आप अपने बच्चे की नए दोस्त बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए घर पर छोटी पार्टी रख सकते हैं, बच्चे को बाहर जाकर दूसरे बच्चों के साथ खेलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या दूसरे बच्चों को अपने घर ग्रुप स्टडी के लिए इनवाइट कर सकते हैं।

**दूसरों के सामने उसे शर्मीला न कहें :** आपका बच्चा भले ही शर्मीला है, लेकिन ध्यान रखें कि आप दूसरो के सामने उसे शर्मीला, चुप्पा, कम बात करने वाला, चुप रहने वाला आदि न कहें। इस तरह की बातें कहने से बच्चों में अक्सर रहा-सहा कॉन्फिडेंस भी कम हो जाता है और वो खुद को इसी तरह का मानने लगते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी। दोपहर के बाद आप कुछ अधिक ही इमोशनल बने रहेंगे। इससे मन की व्यथा और बढ़ सकती है।

### वृष
काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा। दोपहर के बाद आप मनोरंजन के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। परिवार के साथ अच्छे भोजन का लुत्फ उठा पाएंगे। व्यापार में भागीदारों के साथ लाभदायी विचार-विमर्श होगा।

### मिथुन
खर्च में वृद्धि होगी। अनैतिक तथा नेगेटिव काम से आज दूर रहें। प्रभु की भक्ति और ध्यान से मन को शांति मिलेगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है।

### कर्क
आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

### सिंह
अधिकारी के साथ वाद-विवाद को टालें और उनके कहें अनुसार आज काम करें। विरोधियों के साथ चर्चा उग्र हो सकती है। काम में सफलता मिलने में विलंब हो सकता है, धैर्य से काम करें। आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं।

### कन्या
मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। सार्वजनिक रूप से सम्मान को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें।

### तुला
किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है।

### वृश्चिक
आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

### धनु
पेट सम्बंधी तकलीफ रहेगी। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके विरोधियों की कोई भी चाल आपके खिलाफ सफल नहीं हो सकेगी।

### मकर
साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। व्यापार में आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। योजनानुसार काम करने से आर्थिक लाभ भी मिलेगा। काम में सफलता मिलने में विलंब हो सकता है, धैर्य से काम करें।

### मीन
आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपके विरोधी आपकी तकलीफ बढ़ा सकते हैं।

## विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अभिमन्यु बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। 15 फरवरी महाशिवरात्रि को दोपहर सवा 12 बजे किशनगिरी की बगीची में विराट हिन्दू सम्मेलन होगा । विमोचन के समय संजय सारस्वत, महेश मंत्री, प्रभु राम गेऊवा, नरेंद्र कुमार भाटी, नरसा राम, अनुप खंडेलवाल, कमल रजलीवाल, जितेन्द्र भाटी, सोनू शर्मा, भगवती इंदोरिया, अमित अग्रवाल, किशन सैनी, अजय भाटी, औंकार मल माली, विजय सिंह राठौड़ आदि सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। तारानगर तहसील के ग्राम ब्रह्मनगर में आगामी 8 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर भी पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागी बनने का आह्वान किया।

## सरपंच एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की जयपुर ग्रामीण ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत बाजवास पंचायत समिति परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन के प्रशासक सरपंच राजेन्द्र प्रसाद मोयल को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी मुख्यालय को परिवादी ने एक शिकायत दी थी की उसको ग्राम पंचायत बाजवास में वर्ष 2024-25 के दौरान सामग्री सप्लाई का टेंडर प्राप्त हुआ था। जिसकी अवधि 31 मार्च 2025 को समाप्त हो गई थी। सामग्री सप्लाई का भुगतान प्राप्त हो चुका थाए परंतु उसकी धरोहर राशि दो लाख रुपये ग्राम पंचायत बाजवास में जमा थी। जिसे लौटाने के लिए वह लगातार सरपंच राजेन्द्र प्रसाद मोयल को प्रार्थना पत्र एवं रिमाइंडर देता रहा। किंतु राशि वापस नहीं की गई। परिवादी द्वारा राज सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाने के पश्चात 27 जनवरी 2026 को उसे उसके कार्य की राशि प्राप्त हुई। इसके बावजूद भी सरपंच द्वारा कमीशन के रूप में एक लाख रुपये की अवैध रिश्वत की मांग रहा था। जिसके बाद एसीबी ने परिवादी की शिकायत का विधिवत सत्यापन कराया गया, जिसमें रिश्वत मांग की पुष्टि होने पर गुरुवार को सांचौर चौराहा थाना परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन पर ट्रैप की कार्रवाई करते हुए एसीबी की जयपुर ग्रामीण टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सियाग ने सरपंच राजेन्द्र प्रसाद मोयल को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

## एमएनआईटी में ब्लिट्ज्शलैग का उद्घाटन समारोह

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी एमएनआईटी जयपुर का तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव ब्लिट्ज्शलैग गुरुवार की शाम को एमएनआईटी जयपुर के निदेशक प्रो. एन.पी. पाढ़ी के नेतृत्व में औपचारिक रूप से शुरू हुआ। जो कि अपने क्षेत्र के श्रेष्ठतम उत्सवों में से एक है। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुई। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोण् कनुप्रिया सचदेव ने छात्रों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला, और एसोसिएट डीन सांस्कृतिक डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी ने ब्लिट्ज्शलैग 26 का अवलोकन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, ग्रैमी पुरस्कार विजेता पद्मभूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट जी ने अपने भाषण में युवाओं के बीच कलात्मक अभिव्यक्ति और रचनात्मकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एम.एन.आई.टी के ब्लिट्ज्शलैग जैसे वार्षिक उत्सवों की सराहना कीए जो उभरते इंजीनियरों, वास्तुकारों और वैज्ञानिकों को अपनी कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने और एक समग्र व्यक्तित्व विकसित करने का अवसर प्रदान करता हैं। समारोह की अध्यक्षता करते समय एम.एन.आई.टी जयपुर के निदेशक प्रो. एन. पी. पाढ़ी ने ब्लिट्ज्शलैग को एक ऐसे मंच के रूप में वर्णित किया जो रचनात्मकता, सहयोग को बढ़ावा देता है तथा छात्रों को एन.ई.पी. 2020 के सिद्धांतों के अनुरूप 360 डिग्री व्यक्तित्व विकसित करने में सक्षम बनाता है। इस समारोह में ब्लिट्ज्शलैग 26 फिल्म की स्क्रीनिंग, सांस्कृतिक प्रदर्शन और गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान भी शामिल था।

## ग्राम उत्थान शिविर का किया निरीक्षण

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** उप रजिस्ट्रारए सहकारी समितियां झुंझुनू विभा खेतान द्वारा मंडावा गिरदावर सर्किल अंतर्गत आयोजित ग्राम उत्थान शिविर भीमसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भाऊ, भीमसर, शेखसर, तोलियासर तथा सीगड़ा ग्राम सेवा सहकारी समितियों के सदस्यों को विभिन्न सहकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान खेतान द्वारा शेखसर, तोलियासर एवं भीमसर ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गोदाम एवं कार्यालय भवन के लिए भूमि चिन्हांकन, सरस पार्लर खोलने तथा जन औषधि केंद्र के संचालन से संबंधित प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# गर्भवती महिलाओं और बच्चों को लगाए जीवनरक्षक टीके

### जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी ने किया निरीक्षण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस एमसीएचएन दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर बीमारियों से बचाव के लिए जीवनरक्षक टीके लगाए। वहीं मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं दी। विभाग द्वारा माह के प्रत्येक गुरूवार को एमसीएचएन दिवस पर गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं को पोषण व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की जानकारी दी जाती। चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवीए सिफलिस, ब्लड प्रेशर, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई।

साथ ही गर्भवती महिला के शरीर में कैल्शियम व खून की कमी नहीं आए, इसके लिए आईएफए, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां दी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने चिकित्सा संस्थाओं, टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कर आमजन को दी गई सेवाओं व सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही चिकित्सा संस्थानों में स्टॉफ की उपस्थिति, साफ सफाई, वैक्सीन का रखरखाव, वार्ड की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, जांच की स्थिति व उपकरणों का रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का दुगुना ध्यान रखना चाहिए और समय समय पर स्वास्थ्य की जांच तथा टीके लगवाने चाहिए। दिन में कम से कम तीन बार भोजन करना चाहिए और प्रसव सरकारी अस्पताल में ही करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरूवार को बच्चों को पीलिया, टीबी, हैपेटाइटिस बीए गलघोंटू, काली खांसी, निमोनिया, टिटनेस, मेनिनजाइटिस खसरा और रूबले, रोटा, दस्त आदि रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए और उनको प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में



जानकारी दी गई। उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र कांकरिया, दिवराला, पीएचसी जुगराजपुरा, उप जिला अस्पताल अजीतगढ़, आंगनबाडी केंद्र सांवलपुरा शेखावतान, पीएचसी हाथी देह, सांवरलपुरा तंवरान, हरदास का बास, झाझली, सीएचसी थोई, कावंट की इमरजेंसी का निरीक्षण किया। उनके साथ आरबीएसके के अतिरिक्त नोडल अधिकारी डॉ. पवन शर्मा भी थे।

## वार्ड 21 की आंगनबाड़ी अन्य वार्ड में संचालित होने पर जताया आक्रोश

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड पुराना 21की आंगनबाड़ी वार्ड 15 में संचालित होने का मामला सामने आया है। इसको लेकर वार्डवासियों ने गुरुवार को सार्वजनिक चौक में नारेबाजी कर आक्रोश जताया।

वार्डवासियों ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से हमारे वार्ड की आंगनबाड़ी को अन्य वार्ड में प्रशासन को भ्रमित कर संचालित किया जा रहा है। जिससे वार्ड की गर्भवती और धातरी महिलाओंए बच्चों और वार्डवासियों को



टीकाकरण, पोषाहार सामग्री और बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने में काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है। वार्ड के लोगों ने आंगनबाड़ी को पुन: उसी वार्ड में संचालित करने की मांग की।

वार्ड के लोगों ने मांगे पुरी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी। इस दौरान ताजु खान, भागूराम मेघवाल, इलियास खां, रामनिवास, कालूराम नायक, मोहनलाल मेघवाल, लूणाराम मेघवाल, कालूराम सांसी, मदन लुहार, सरवर खां, नानू खां, बाबू खां, रमजान खां सहित सैंकड़ों वार्डवासी मौजूद रहें।

## कांस्टेबल कर रहा कोर्ट कचहरी हिलने की बातें

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहर की शोसल मीडिया पर इन दिनों एक पुलिस कांस्टेबल का विडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कांस्टेबल एक जाति विशेष का नाम लेकर कोर्ट कचहरी हिलने की बात कहते हुए नजर आ रहा है। लोगों ने बताया कि इस व्यक्ति को विडियो नया-नया बनाने का खुमार चढ़ा है। लेकिन अपने विडियो को कोर्ट कचहरी के हिलने की बातें और सिक्का चलने की बातें की जा रही हैं। लेकिन इस कांस्टेबल को यह पता नहीं कि अगर मामले में कोर्ट ने यदि संज्ञान ले लिया, तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं।

खैर विडियो की चर्चा इन दिनों आम हो रही है और लोग तरह-तरह की बात कर रहे हैं।

## आज इन गिरदावर सर्किल पर लगेंगे शिविर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों, पशुपालकों व नागरिकों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो इस बात को लेकर गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

जिले में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर इन शिविरों की शुरूआत की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार झुंझुनू जिले में प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए लाभान्वित किया जायेगा। 6 फरवरी को चिड़ावा, लोयल एवं परसरामपुर गिरदावर सर्किल पर लगेंगे शिविर।

## पत्नी की हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अपर सेशन न्यायाधीश संख्या-1 झुंझुनू सीमा ढाका ने अपनी पत्नी की जलाकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति राजकुमार पुत्र बृजलाल निवासी आनंदपुरा, थाना बिसाऊ को आजीवन कारावास तथा 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण के अनुसार 4 अप्रैल 2021 को परिवादी करणाराम निवासी विजयपुरा सांखू, जिला चूरू ने थाना बिसाऊ में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी बेटी सुमन की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व राजकुमार पुत्र बृजलाल निवासी आनंदपुरा के साथ हुई थी। 1 अप्रैल 2021 को दोपहर में आरोपी राजकुमार ने सुमन पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद आरोपी एवं ससुराल पक्ष द्वारा परिवादी को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई। बाद में गांव के अन्य लोगों से उसे घटना की जानकारी मिली, इसके बावजूद ससुराल पक्ष उसे गुमराह करता रहा। सुमन को उपचार के लिए सीकेएस अस्पतालए रोड नंबर-6, जयपुर में भर्ती कराया गया था। 4 अप्रैल 2021 को जब परिवादी जयपुर पहुंचा, तब तक सुमन की मृत्यु हो चुकी थी। रिपोर्ट के आधार पर थाना बिसाऊ में मामला दर्ज कर जांच उपरांत आरोपी पति के विरुद्ध हत्या का चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक तथा मृतका की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता बिरजू सिंह शेखावत द्वारा अभियोजन पक्ष से कुल 17 गवाहों के बयान कराए गए तथा 33 दस्तावेज न्यायालय में प्रदर्शित किए गए।

अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का है, इसलिए आरोपी को कठोरतम सजा दी जाए। न्यायाधीश ने साक्ष्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए निर्णय में कहा कि विवाह के बाद महिला अपने पति को अपना रक्षक मानकर उस पर पूर्ण विश्वास करती है लेकिन इस प्रकरण में आरोपी पति ने रक्षक की भूमिका निभाने के बजाय भक्षक जैसा आचरण किया। जीवित अवस्था में पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाना अत्यंत वीभत्स एवं अमानवीय कृत्य है। उस समय मृतका को असहनीय मानसिक एवं शारीरिक पीड़ा से गुजरना पड़ा होगा, जिसकी कल्पना भी कठिन है। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित करते हुए यह भी आदेश दिया कि अर्थदण्ड अदा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही न्यायालय ने मामले को पीड़ित प्रतिकर योजना के अंतर्गत क्षतिपूर्ति दिए जाने योग्य मानते हुए निर्णय की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनू को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजने के निर्देश दिए ताकि मृतका सुमन के विधिक वारिसों को नियमानुसार उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जा सके।

## वार्षिकोत्सव में 800 विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव फेस्टिनो-2026 का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन कक्षा मोंटेसरी से ग्रेड थर्ड के 807 विद्यार्थियों द्वारा मंच पर अनेक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों द्वारा ट्रिप ऑफ द मून, कृष्णा, जंगल थीम, लैम्प लाइटिंग, ड्रीम्स अनफोल्ड डिजिटल थीम, पैट्रियोटिक, रेट्रोए राजस्थानी फ्लॉक, सुबह-सुबह थीम, बॉलीवुड, ट्रिब्यूट ऑफ



टीचर्स, यूनिटी ऑफ डाइवर्सिटी, वेस्टर्न कपल डांस, पेरेन्ट्स थीम, देशी ग्लोबल बीट्स, पपेट, प्रहलाद आदि प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, ब्रिगेडियर एच एस पिलखवाल, प्रबंध निदेशक मनोज ढ़ाका, प्रिंसिपल प्रोमिला यादव, एकेडमिक हेड राकेश शेखावत एवं शिक्षकों सहित हजारों की संख्या में अभिभावक शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्राइमरी एजुकेशन विद्यार्थी के मानसिक विकास का सर्वश्रेष्ठ समय है। इस दौरान विषय को रटने के बजाय लर्न बाय फनए इमेजिनेशन एवं थिंकिंग स्किल्स के साथ ही विद्यार्थी के पर्सनैलिटी डवलपमेंट पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रिंसिपल प्रोमिला यादव ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। साथ ही प्रिंस लोटस वैली में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनाई जाने वाली आधुनिकतम विधियों एवं तकनीकों से भी अभिभावकों को अवगत करवाया।

## गणेश पूजन व कलश स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के दुलिया बास स्थित बृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव श्री गणेश पूजन व कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ। आचार्य पंडित शशिकांत शास्त्री के आचार्यत्व में पंडित श्रवण कुमार भारद्वाज जसवंतगढ़, पंडित मोहित कुमार चूरू, पंडित प्रवीण कुमार चूरू, पंडित हरिराम राजलदेसर ने वैदिक विधान से मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन व कलश स्थापना कर मूर्तियों का वास्तु पूजन, धान्यादिवास व पुष्पादिवास कार्यक्रम सम्पन्न करवाए। श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को बृज धाम मंदिर से संकट मोचन मंदिर, नया बाजार, रविदास मंदिर, वाल्मीकि बस्ती, खटीक बस्ती से होते हुए ऊंट, घोड़े, डीजे, रथ व आकर्षक झांकियां के साथ



मूर्तियों का नगर भ्रमण जुलूस निकाला जाएगा। श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में प्रथम दिवस गणेश पूजन व धार्मिक अनुष्ठान में भोलदास स्वामी, रणजीत सिंह राठौड़, रामूराम प्रजापत, भैरदास स्वामी, ओम दास स्वामी, पार्षद बाबूलाल मेघवाल, पुरुषोत्तम शर्मा, भागीरथ प्रजापत, दुर्गादास स्वामी, भंवर लाल बगरानिया, गिरधारीलाल स्वामी, बालचंद बगरानिया, भंवरलाल सरस्वा, सुखदेव तूनवाल, भंवरदास स्वामी, सोहनदास खिलेरी, खेमचंद स्वामी, धनेश स्वामी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 12 हजार की रिश्वत लेता लाइनमैन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की जोधपुर ग्रामीण टीम ने जोधपुर डिस्कॉम के तकनीशियन प्रथम लाइनमैन हरिकिशन मीणा को 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी पर घरेलू बिजली बिल की राशि कम कराने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। आरोपी लाइनमैन 33/11 केवी जीएसएस नौसर कार्यालय सहायक अभियंता पवस जोधपुर डिस्कॉम मतोडा में पदस्थ है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी जोधपुर ग्रामीण को शिकायत प्राप्त हुई थी कि आरोपी लाइनमैन हरिकिशन मीणा द्वारा परिवादी के घरेलू बिजली बिल की लगभग 80 हजार रुपए की राशि कम कराने की एवज में 12 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत मांगना प्रमाणित पाया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए लाइनमैन हरिकिशन मीणा को परिवादी से 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

## शिव मार्केटिंग शॉप में आग, लाखों का सामान जलकर खाक



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय खेमी शक्ति मंदिर के पास समसपुर रोड स्थित शिव मार्केटिंग होलसेल शॉप में बुधवार रात्रि करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

फर्म के मालिक रामकरण पायल ने बताया कि वे इन दिनों चंडीगढ़ गए हुए थे। बुधवार शाम को उनके भाई विजय ने रोजाना की तरह दुकान बंद की थी। रात्रि करीब 10 बजे राहगीरों ने दुकान से धुआं निकलता देखा, जिसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से दुकान में रखा सारा माल जलकर नष्ट हो गया, जिससे फर्म को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

# एथलीट्स एवं पैरा एथलीट्स ने स्किल टेस्ट में दिखाया दमखम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित एथलेटिक्स ट्रैक पर गुरुवार को सुबह प्रदेश में संचालित-प्रस्तावित एथलेटिक्स अकादमियों, बालिका खेल संस्थानों, पैरा एथलेटिक्स एवं पैरा पावरलिफ्टिंग अकादमियों के लिये भाग ले रहे एथलीट्स ने स्किल टेस्ट में दमखम दिखाया। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा गठित कि गई चयन समिति के सदस्यों द्वारा बारीकी से हर इवेंट पर नजर रखी गई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि गुरुवार को आठ दिवसीय चयन



ट्रायल के तीसरे दिन बालिका तीरन्दाजी अकादमी-जयपुर 10, बालक तीरन्दाजी अकादमी-डूंगरपुर 14, उदयपुर 20 एवं बालिका खेल संस्थान तीरन्दाती-जयपुर 03 में कुल 47 तीरंदाजों का रजिस्ट्रेशन व मेडिकल होने के बाद बैटरी टेस्ट लिया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जहाँ को बालिका हॉकी अकादमी, अजमेर, बालक हॉकी अकादमी,जयपुर, बालिका खेल संस्थान हॉकी, भरतपुर, बालक कबड्डी अकादमी, करौली, बालक कबड्डी अकादमी, चूरू, बालिका कबड्डी अकादमी, चूरू, बालिका खेल संस्थान कबड्डी, जयपुर, बालिका खेल संस्थान कबड्डी, भरतपुर, बालिका खेल संस्थान कबड्डी, उदयपुर, बालक कबड्डी अकादमी, डीडवाना प्रस्तावित के लिए ट्रायल में भाग लेने आने वाले खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल करवाने के बाद बैटरी टेस्ट लिया जायेगा। वही तीरंदाज़ों का स्किल टेस्ट होगा।

# आज सीकर व समस्त तहसील व राजस्थान के अभ्यर्थी लेंगे भाग

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय, सीकर राकेश खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, सीकर एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा एवं कैंपस प्लेसमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह भर्ती कार्यक्रम 6 फरवरी तक जिला रोजगार कार्यालय, सीकर में आयोजित किया जाएगा। सभी शिविर प्रात: 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक होगे। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी 2026 को सीकर एवं समस्त राजस्थान के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को भर्ती शिविर में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, सीकर एवं एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग अकादमी, नीमच के भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह 8619863856 एवं सहायक भर्ती अधिकारी निनाराम भर्ती स्थल पर उपस्थित रहकर अभ्यर्थियों का पंजीकरण एवं चयन करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती स्थल पर ही पंजीकरण करा सकेंगे। भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, लंबाई 170 सेंटीमीटर, वजन 55 किलोग्राम, सीना 80-85 सेंटीमीटर, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थी का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। नीमच के भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय में सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के 565 पदो पर भर्ती की जा रही है। सुरक्षा सुपरवाईजर सैलरी 14000 से 24000 हजार एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की सैलरी 16000 से 25000 हजार एवं सुरक्षा आधिकारी की सैलरी 27000 से 35000 हजार तक दी जाऐगी। चयनित अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत 65 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग अकादमीए नीमच द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार के ऐतिहासिक स्मारकोंए प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानोंए मल्टीनेशनल कंपनियों सहित दिल्ली का लाल किलाए अयोध्या राम मंदिरए आगरा का ताजमहलए जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर रोजगार प्रदान किया जाएगा।

# महानिरीक्षक ने किया आरपीएफ थाने का निरीक्षण



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रेलवे स्टेशन पर महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त जयपुर ज्योति कुमार सतीजा ने पहुंचकर से निरीक्षण किया। इसके बाद महानिरीक्षक सतीजा ने सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल पुलिस थाने के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ वार्ता की। पुलिस अधिकारियों को बताया कि एक युग था कि कागजी कार्रवाई चलती थी। जिसमें कार्रवाई करने व उसके बाद भी अधिक समय लगता था। आज का युग डिजीटल युग है। इसमें की गई कार्रवाई तत्काल होती है। ऐसे में हर अधिकारी व कर्मचारी को अपने आप में बदलाव करके डिजीटल के आधार पर कार्य व कार्रवाई करनी होगी। साथ ही बढ़ते हुए क्राइम, आधुनिक उपकरण, नवीन तकनीकी सीआरएनसीए आरएसएमएसए एनसीआरबीए ई-सुविधा आदि पर जानकारी दी और आगामी बाबा श्याम के वार्षिक मेले में सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए। आरपीएफथाना प्रभारी अशोक डोरवाल ने बताया कार्यक्रम शुभारंभ पर आरपीएफबैरक में पौधरोपण किया गया और आउट पोस्ट निर्माणाधीन बैरक का निरीक्षण किया। इससे पहले महानिरीक्षक सतीजा ने रेलवे सुरक्षा बल पुलिस थाना, बैरक व मैस आदि का निरीक्षण किया। ए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ओंकार सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार शर्मा सहित रेलवे के अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्टार एकेडमी स्कूल में आयोजित हुआ फेयरवेल महोत्सव




जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य फेयरवेल पार्टी आशीर्वाद का आयोजन हुआ। कक्षा-11 के विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों व अपने सीनियर्स कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया । विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जूनियर्स विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के प्रति सम्मान व स्नेह व्यक्त करते हुए नृत्य, गीत, नाटक, भाषण व मनोरंजक खेलों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम को और उत्साह से भर दिया, वहीं कक्षा-12 के विद्यार्थी अथर्व निर्वाण की भावात्मक अभिव्यक्ति ने कुछ समय के लिए माहौल को भावुक बना दिया । कक्षा-12 के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक कर आत्म विश्वास व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके आधार पर हर्षित धूपिया को मिस्टर फेयरवेल व अंशु सिहाग को मिस फेयरवेल का प्राइज दिया गया। एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने कक्षा-12 के परीक्षार्थियों के लिए अपने आशीर्वचनों में उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पूरे विद्यालय का माहौल उत्साह, उमंग व स्नेहील भावनाओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा-11 से गरिमा, दीपांशी, पलक व तमन्ना ने किया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट पदाधिकारियों के साथ, एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, संजय जांगिड़, हरिशचन्द्र कालोईया, मुकेश कुमार, श्वेता शर्मा, विजय भालोठिया, मुकेश तानेनिया, मुनेश कुमार, प्रतिभा शर्मा, विक्रम सिंह, पूनम तंवर, दिव्या गुरह, महेंद्र सिंह सिहाग, संजय गरवा, नवनीत जांगिड़, कविता पूनिया, कर्म सिंह, जगदीश प्रसाद, सोमेंद्र सिंह राठौड़, रेणु कुमारी सोनी, कपिल जांगिड़, अरुण कुमार, पवन कुमार चिरानिया, प्रीतम रजाक, योगेश, नवीन सैनी, महिमा शर्मा, सोहन सिंह, सैनीगल, पपीता कुल्हरी, ज्योति सैनी, दीपिका कुमारी, सीमा कंवर, अनिता कुमारी, कृष्णा धाकड़, सुमन कुमारी देवना, नेहा शर्मा, मनीषा बलौदा, रिंकू चौधरी, पिंकी जाँगिड़ सविता सैनी, ज्योति, रिशु, सूरज, प्रहलाद सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# आज इन गिरदावर सर्किल पर लगेंगे शिविर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 6 फरवरी शुक्रवार को रामगढ़ शेखावाटी तहसील रामगढ़, लक्ष्मणगढ़ तहसील पाटोदा, सीकर तहसील दादिया, हर्ष, दांतारामगढ़ तहसील डूकिया, खण्डेला तहसील बासड़ी, श्रीमाधोपुर तहसील झाडली, नीमकाथाना तहसील भूदोली में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजनान्तर्गत परियोजना में अजीतगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजु भांमू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षकों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया गया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित ना रहे यह सभी को सुनिश्चित करना होगा। प्रशिक्षण में सभी महिला पर्यवेक्षकों ने मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के ज्ञान के स्तर के आकलन हेतु प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व तथा प्रशिक्षण पश्चात ऑनलाइन परीक्षण भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू भामू, महिला पर्यवेक्षक सुनील, सुमित्रा, पुष्पा वर्मा, सुनिता सैनी, कनिष्ठ लेखाकार सुनील, ब्लॉक कार्डिनेटर रामवतार यादव एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। जागरुकता कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षकों द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा दी जा रही योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कुपोषण के दुष्प्रभाव, विभागीय सेवाओं व योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया।

# बंजारा बस्ती में काफी दिनों पानी का बेसब्री से इंतजार

निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत चनाना से नाटाश जाने वाले कच्चे रास्ते पहाड़ी क्षेत्र की तरफबंजारा बस्ती बसी हुई है । इस बस्ती को बसे हुए करीब 10-15 वर्ष हो चुके लेकिन बंजारा बस्ती में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है । इस बस्ती में आने-जाने के लिए ग्राम पंचायत की तरफ से न तो सीसी रोड है नहीं कोई इंटरलॉक सुविधा है यहां तक की इस बस्ती के रास्तों पर ग्रेवल सड़क भी नहीं बनाई गई है इससे यहां रहने वाले व्यक्ति आसानी से अपने घरों तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । जब इस बस्ती की पानी की समस्या जानी तो यहां पर रहने वाले लोगों ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना में चनाना से झुंझुनू जाने वाली एमडीआर 93 सड़क के पास बने ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई देने के लिए बंजारा बस्ती को जोड़कर हर घर में कनेक्शन किया गया था लेकिन ऊंचाई एवं दूरी अधिक होने के कारण यहां पर घरों में पानी की सप्लाई नहीं होने से यहां पर बसे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है । इस समस्या के बारे में हमने कई बार पंचायत प्रशासन, जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन बंजारा बस्ती में पीने के पानी का की समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है एवं काफी दूरी से पानी लाना पड़ता है । बंजारा समाज के मुखिया रामचंद्र ने बताया कि पानी की समस्या के लिए हमने विधायक राजेंद्र भाम्बू से मिलकर उनके पास हमारी बस्ती के लिए पानी की समस्या दूर करने की बात रखी थी जिस पर स्थानीय विधायक ने बस्ती में ट्यूबवेल निर्माण का आश्वासन दिया था ।

# मैट्रिमोनियल और डेटिंग एप्स के नाम पर हो रही साइबर ठगी

## पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राजस्थान के मार्गदर्शन में प्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने एक नया और चिंताजनक ट्रेंड पकड़ा है।

डीआईजी साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि विश्लेषण के दौरान यह सामने आया है कि जालसाज अब जीवनसाथी. कॉम और शादीण्कॉम जैसे मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ टिंडर और बम्बल व क्यूपिड जैसे डेटिंग एप्स का दुरुपयोग कर रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स पर शादी या रिश्ते की तलाश कर रहे मासूम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। ताकि उन्हें भावनात्मक रूप से फंसाकर उनकी गाढ़ी कमाई को निवेश के नाम पर ऐंठा जा सके। साइबर ठगों का यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता है। अपराधी सबसे पहले असली लगने वाली नकली प्रोफाइल बनाते हैं, जिसमें चोरी की गई आकर्षक फोटो और फर्जी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पेशा और उच्च आय का उपयोग किया जाता है। एक बार संपर्क होने के बाद ये ठग हफ्तों तक वीडियो कॉल और व्हाट्सएप के जरिए पीडित का भरोसा जीतते हैं। ये लोग अक्सर नकली बैकग्राउंड का इस्तेमाल कर खुद को विदेश में या बड़े ऑफिस में होना दिखाते हैं। जब पीड़ित पूरी तरह इनके भावनात्मक जाल में फंस जाता है, तो ये अपराधी क्रिप्टोकरेंसी या हाई-रिटर्न इन्वेस्टमेंट स्कीम में पैसा लगाने के लिए इमोशनली ब्लैकमेल करना शुरू करते हैं। नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने एडवाइजरी में सलाह दी गई है कि किसी भी व्यक्ति की प्रोफाइल देखते ही उस पर भरोसा न करें, बल्कि गूगल पर रिवर्स इमेज सर्च के जरिए उसकी फोटो की वास्तविकता जांचें। जब तक किसी व्यक्ति से आमने-सामने मुलाकात न हो जाए, तब तक अपनी निजी वित्तीय जानकारी, बैंक डिटेल्स या फोटो साझा न करें। विशेष रूप से ध्यान रखें कि यदि कोई व्यक्ति बहुत कम समय में अवास्तविक रिटर्न का वादा करता है, तो वह निश्चित रूप से एक धोखाधड़ी का जाल हो सकता है। बैंकों द्वारा समय-समय पर भेजे जाने वाले जागरूकता संदेशों को ध्यान से पढ़ें और उनका पालन करें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचित करना चाहिए। इसके लिए सरकार द्वारा जारी साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, पीड़ित अपनी शिकायत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। सतर्कता और समय पर दी गई सूचना ही ऐसे अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुँचाने में सहायक होगी।

# अपनों की तलाश : 6 जिलों से लापता 17 लोगों को खोजने में जुटी राजस्थान पुलिस

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश के 6 जिलों सीकर, झुंझुनू, दौसा, जालौर, सिरोही और भरतपुर से गुमशुदा कुल 17 व्यक्तियों को खोजने के उद्देश्य से पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस के अनुसार सीकर जिले के थाना अजीतगढ़ क्षेत्र से विष्णु सिंह पुत्र भगवान सिंह राजपूत 15 निवासी दिवराला, कद 5 फीट, रंग सांवला है, थोई क्षेत्र से पूजा पुत्री मदन लाल बलाई 17 कद 5 फीट, रंग गेहुंआ लापता है। वही झुंझुनु जिले के थाना बबाई क्षेत्र से अमर सिंह पुत्र चौखाराम सैनी 65 निवासी ढ़ाणी मामराज की तन बबाईए कद 5.7 फीट, रंग गेहुँआ गुमशुदा है। जालोर जिला के थाना बागरा क्षेत्र से सम्पी कुमारी पुत्री निम्बाराम 19 कद 5 फीट, रंग गेंहुआ और सिरोही जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र से लक्ष्मी पुत्री तलसाराम 16, कद 4.6 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान सलवार सूट पहने हुए हैय गुमशुदा है। भरतपुर जिले के थाना रूपवास क्षेत्र से मनीष कुमार पुत्र घनश्याम सिंह जाट 26 निवासी जटमासीए कद 6 फीट, रंग सांवला, पहचान पेन्ट शर्ट पहने हुए है, थाना रूपवास क्षेत्र से सुहाना पुत्री सलीम खान 19 निवासी भिडयानी, कद 5 फीट 2 इंच, रंग गोरा, पहचान गुलाबी सलवार व सूट पहने है। थाना रूदावल क्षेत्र से हेम सिंह पुत्र मटोल सिंह गुर्जर 60 निवासी सिजाडा, कद 5 फीट, रंग गेहुंआ, धोतीकुर्ता पहने हुए है। थाना मथुरागेट क्षेत्र से गोविन्दा पुत्र बदन सिंह कश्यप 32 निवासी धीगर मौहल्ला, कद 5.6 फीट, रंग सांवला, पहचान सफेद शर्ट व काला रंग का लोअर पहने हुए हैय गुमशुदा है। इसी प्रकार थाना मथुरागेट क्षेत्र से रामकिशन पुत्र रतन लाल जाटव 51 निवासी परपरा मोहल्ला, कद 6 फीट, रंग-सांवला, पहचान आसमानी शर्ट व काले रंग की पेन्ट पहने है। थाना लखनपुर क्षेत्र से नागेश कुमार पुत्र लेखराज जाटव 16 निवासी भरकऊ, कद 4.8 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान पेन्ट शर्ट पहने है, थाना रूदावल क्षेत्र से पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र जवाहर सिंह प्रजापति 31 निवासी मात्रपुराए कद 5 फीट, रंग सावंला, पहचान पेन्ट शर्ट पहने है, थाना रूदावल क्षेत्र से ही जितेन्द्र पुत्र रामलाल 27 निवासी नारौली, कद 5.10 फीट, रंग सांवला, पहचान पेन्ट शर्ट पहने है, थाना कोतवाली क्षेत्र से अंशु शर्मा पुत्र लोकेश शर्मा 16 निवासी रणजीत नगर, कद 5.6 फीट, रंग गेहुंआ, पहचान महरूम जैकेट व नीली पेन्ट पहने हुए है, गुमशुदा है। दौसा जिले के थाना बसवा क्षेत्र से सन्जू बैरवा पुत्र बनवारी लाल 16 निवासी बसवा, रंग सांवला, महिला थाना से साक्षी पुत्री राजू 12 निवासी जडाव फाटक, रंग गोरा एवं हष्ट पुष्ट शरीर है, थाना बांदीकुई क्षेत्र से कुलदीप सैनी पुत्र रतिराम 20, कद 5.6 फीट व रंग गेहुंआ, गुमशुदा हैं।

# माधव बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित

निसं




**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे की माधव बस्ती का हिंदू सम्मेलन श्याम मंदिर के पास लोकनाथका मौहल्ले श्रीमाधोपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल थे। उन्होंने हिंदू संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र भाव को केंद्र में रखकर विचार रखते हुए बताया कि हमें हिंदू समुदाय को संगठित करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, जाति-पाति के भेदभाव को मिटाना और सनातन संस्कृति व मूल्यों को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि हमारी चार आश्रम व्यवस्था आदर्श थी, वहां कोई जातिभेद, वर्ग भेद नहीं था। समय पर पढ़ाई, समय पर विवाह, समय पर परिवार, धन की चिंता कर लेते थे। पचास पार वानप्रस्थ आश्रम होता था। गिनती में भी जीवन की नश्वरता के इशारे थे। इक्यावन बावन मतलब वानप्रस्थ जाओ। बहत्तर-तिहत्तर मतलब तरो, संन्यास आश्रम की ओर प्रस्थान करो । आज तीस-चालीस बरस तक ब्याह नहीं, फिर एक संतान, नहीं तो तलाक। पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध में परिवार का विघटन हो रहा है। हमें सभी को साथ लेकर चलना है। साथ ही हमें अपने घरों में सनातनी संस्कारों को पुनर्जीवित करना होगा। परिवार में प्रतिदिन प्रार्थना करें और बच्चों को हमारी परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराना चाहिए। इस अवसर पर फतेहपुर बुद्धगिरी मठ के महंत राजस्थान गौ सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश गिरी महाराज ने कहा कि समरस हिंदू समाज समय की आवश्यकता है। समाज के सभी वर्गों को एक स्वर में हिंदू समाज को एक करने के लिए एकता के भाव में काम करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता और समरसता ही भारत के स्वर्णिम भारत की गारंटी है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संरक्षक नागरमल लोकनाथ का ने बताया कि कार्यक्रम में 33 विशिष्ट जनों का सम्मान हुआ। हिन्दू सम्मलेन से पूर्व सैकड़ों महिलाओं ने दिगम्बरा आश्रम से श्याम मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। मातृ शक्ति का आह्वान करते हुए भावना कुड़ी ने योग और पर्यावरण पर चर्चा करते हुए कहा कि योग स्वस्थ समाज के लिए जरुरी है।

कार्यक्रम में माधव बस्ती के सैकड़ों हिंदू महिला पुरुष उपस्थित रहे। सबका आभार आयोजन समिति के अध्यक्ष राम रतन सोनी ने प्रकट किया।

# खाटूश्यामजी मेले में भिक्षावृत्ति कर रहे तीन बच्चे मुक्त

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाईन-1098 सीकर राहुल दानोदिया ने बताया कि सीकर चाईल्ड हेल्पलाइन बाल अधिकारिता विभाग व मानव तस्करी विरोधी इकाई ने मिलकर खाटूश्यामजी मेले में तीन बच्चों को भिक्षावृती से मुक्त करवाया गया, जिसमे दो बच्चीयां व एक बच्चा भिक्षावृती करते हुए पाये गये बच्चों की उम्र 12 से 14 वर्ष है । सभी बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर बाल कल्याण समिति सदस्य बिहारी लाल बालाण के समक्ष पेश कर परमार्थ सेवा संस्थान व सखी सेन्टर में प्रवेश दिया गया। टीम में उपस्थित मानव तस्करी विरोधी इकाई के प्रभारी सुनिता बोयल, प्रेमप्रकाश, मनोज व चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर ममता, धर्मचन्द आदि मौजूद थे।

# भोजपुरी अभिनेता विनय आनंद ने किया खजाना महल म्यूजियम विजिट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भोजपुरी और हिंदी फिल्मों के जाने.माने अभिनेता विनय आनंद ने गुरुवार को जयपुर स्थित खजाना महल म्यूजियम का विजिट किया। म्यूजियम में रखे अनमोल पत्थरों, ऐतिहासिक आभूषणों और दुर्लभ संग्रह को देखकर वह काफी प्रभावित नजर आए।

खास तौर पर राम सेतु का तैरता पत्थर देखकर विनय आनंद भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि वह भगवान हनुमान के सच्चे भक्त हैं और राम सेतु के पत्थरों को हाथ में ले कर उन्हें गहरी आस्था का अनुभव हुआ। विजिट के दौरान उन्होंने म्यूजियम में प्रदर्शित बॉलीवुड आभूषण संग्रह की भी जमकर सराहना की। म्यूजियम के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। दोनों पुराने मित्र भी हैं, जिससे मुलाकात और भी खास बन गई। उनका स्वागत म्यूजियम के संस्थापक, अनूप श्रीवास्तव ने पारंपरिक सम्मान के साथ किया। यह यात्रा उनके आध्यात्मिक दौरे का हिस्सा थी जिसमे वो अपनी आने वाली ओटीटी सीरीज एसीपी विक्रांत के लॉन्च से पहले उज्जैन के महाकाल मंदिर, खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी के दर्शन भी किए। विनय आनंद ने अब तक 75 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

जिनमें दिल ने फिर याद किया, आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया और लो मैं आ गया जैसी फिल्में शामिल हैं। उनका यह दौरा दर्शाता है कि वह कलाए संस्कृति और आध्यात्मिकता से गहरा लगाव रखते हैं। खजाना महल म्यूजियम में उनका आगमन यहां के लिए भी खास पल रहाए जहां उन्होंने पूरे उत्साह से संग्रहालय का अवलोकन किया और अपनी शुभकामनाएं दीं।

# रेडिक्स कोचिंग में स्नेह और उत्साह के साथ फेयरवेल समारोह का आयोजन

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय तुलसी सेवा केन्द्र रेडिक्स कोचिंग संस्थान में ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य एवं यादगार फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रेडिक्स कोचिंग के डायरेक्टर मनोज प्रजापत सर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विकास पारिक मैथ्स शिक्षकद्ध, अमित, गोविंद प्रजापत मैथ्स शिक्षक, राहुल तंवर केमिस्ट्री शिक्षक, अशोक प्रजापति फिजिक्स शिक्षक, संदीप प्रजापति इंग्लिश शिक्षक सामाजिक विज्ञान की अध्यापिका बिंदु आदि शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में योगेश स्वामी, हरिनारायण जाखड़ बायोलॉजी लेक्चरर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। फेयरवेल समारोह के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों, मनोरंजक खेलों और आपसी सौहार्द ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक उपाधियों की घोषणा भी की गई। मिस्टर फेयरवेल का खिताब हर्ष शर्मा को प्रदान किया गया। मिस फेयरवेल के रूप में निशा अग्रवाल को चुना गया। मिस्टर रेडिक्स का सम्मान नितिन भोजक को मिला। जबकि मिस रेडिक्स की उपाधि वर्षा मणपुरिया को प्रदान की गई। सभी विजेताओं को शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक मनोज प्रजापत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फेयरवेल केवल विदाई नहीं, बल्कि नए सपनों और जिम्मेदारियों की शुरुआत है।

उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करने और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ। फेयरवेल समारोह विद्यार्थियों के लिए एक स्मरणीय अनुभव बन गया, जिसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र राजपुरोहित ओर स्वाति शर्मा ने किया।

# शहीद सब इंस्पेक्टर अवाना की द्वितीय पुण्यतिथि आज

निसं


**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** रंवा के शहीद स्मारक स्थल पर शुक्रवार को शहीद सब इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र अवाना की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर होगे। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, डीएसपी जुल्फिकार अली, पूर्व प्रधान अमरसिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद होगे।

उमेश स्वामी एवं विजेंद्र अवाना ने बताया कि शुक्रवार सुबह ग्यारह बजे शहीद स्मारक स्थल पर शुक्रवार को शहीद सब इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र अवाना की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजी समारोह का आयोजन होगा। इस दौरान महिला, पुरुष एवं बुजुर्गों की दौड़ प्रतियोगिता भी होगी।

# 30 की उम्र पार करते ही करें ये योगासन, दिखेंगी एकदम फिट

घर हो या ऑफिस, महिलाएं अपने हर काम और जिम्मेदारियों को बखूबी निभाती हैं। लेकिन, वह अपनी हेल्थ को नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसा करने से वजन तो बढ़ता ही है साथ ही, सेहत से जुड़ी कई समस्याओं जैसे डायबिटीज, दिल से जुड़ी समस्याएं, अर्थराइटिस, पीठ में दर्द आदि का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, हम समय-समय पर ऐसे योगासन के बारे में बताते हैं, जिसे वह खुद के लिए थोड़ा सा समय निकालकर सकती हैं।



## प्राणायाम करें

अपने दिन की शुरुआत प्राणायाम से करें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिएअच्छा है। प्राणायाम का अभ्यास दिमाग को तरोताजा रखता है, चिंता को कम करता है और पॉजिटिविटी बढ़ाता है। साथ ही, फेफड़ों को मजबूत बनाता है और कफ से जुड़ी समस्याओं को दूर करता है। इसके अलावा, इसे रोजाना करने से चेहरे पर नेचुरल ग्लो आता है और बालों की सुंदरता बढ़ती है।

## प्राणायम की विधि

- पीठ को सीधा करके बैठ जाएं।
- अब लंबी सांस लें और फेफड़ों में हवा भरें।
- फिर तेजी से सांसों को छोड़ें।
- इस आसन को 1 बार में कम से कम 10 बार करें।

## वीरभद्रासन

वीरभद्रासन से अपने अंदर मौजूद योद्धा को बाहर निकालें। यह आपके हिप्स, पिंडलियों, टखनों, घुटनों और पेल्विक एरिया को मजबूत बनाता है। पोश्चर में सुधार करता है, पेट की चर्बी को कम करता है, एनर्जी को बढ़ाता है और बैलेंस में सुधार करता है।

## वीरभद्रासन की विधि

- पीठ को सीधा और पैरों को एक साथ मिलाकर खड़ी हो जाएं।
- बाजुओं को शरीर के साइड में रखें।
- दाएं पैर को लगभग 4 फीट की दूरी पर रखें।
- फिर दाएं घुटने को लंज पोजिशन में रखते हुए, बाएं पैर को पीछे की ओर सीधा रखें।
- धीरे-धीरे बाईं एड़ी को लगभग 45 डिग्री पर अंदर की ओर घुमाएं।
- दोनों बाजुओं को सीधे ऊपर की उठाएं।
- हथेलियों को देखने के लिए सिर को ऊपर करें।
- इस योगासन को बाईं ओर से भी करें।

## वृक्षासन

वृक्षासन में खड़ी होकर आप जमीनी ऊर्जा को महसूस कर सकती हैं। यह बैलेंस योगासन आपके पैरों और कोर को मजबूत करता है और हिप्स और जांघों को सुडौल बनाता है। साथ ही, यह चर्बी को कम करता है और शरीर के बैलेंस को बढ़ाता है। घुटने के दर्द से छुटकारा दिलाता है। इसके अलावा, इस आसन को करने से तनाव और चिंता कम होती है और डिप्रेशन दूर होता है।

## वृक्षासन की विधि

- सीधी खड़ी हो जाएं।
- फिर दाएं पैर को मोड़ें और बाएं पैर को थाई पर रखें।
- बाएं पैर को सीधा रखते हुए बैलेंस बनाए रखें।
- फिर धीरे-धीरे हाथों को नमस्कार मुद्रा में ऊपर की ओर लेकर जाएं।
- रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखने की कोशिश करें।
- कुछ देर इस पोजिशन में रहें।
- फिर दूसरे पैर से भी इस योगासन को दोहराएं।

## अधोमुख श्वानासन

यह आपकी पीठ, टखनों, पिंडलियों, हैमस्ट्रिंग और रीढ़ को फैलाता है। कोर और रीढ़ की हड्डी मजबूत करता है और शरीर में ब्लड फ्लो को बेहतर करता है। इसके अलावा, रोजाना इस योगासन को करने से शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है और तनाव दूर होता है।

## अधोमुख श्वानासन की विधि

- सबसे पहले सीधी खड़ी हो जाएं।
- दोनों हाथों को आगे की ओर करते हुए नीचे की ओर झुकने की कोशिश करें।
- इस दौरान घुटने सीधे होने चाहिए।
- फिर इस तरह झुकें कि शरीर से वी आकार बन जाए।
- ऐसा करते समय दोनों हाथ जमीन पर और कूल्हे उठे हुए होने चाहिए।

# दूध रोटी खाने से मिलते हैं ये कमाल के फायदे

हम भारतीय काफी अलग-अलग तरीके का भोजन करते हैं। हम लोगों को सिंपल और कंफर्टेबल फूड खाना खूब भाता है। यही वजह है कि अक्सर उत्तर भारत के घरों में कुछ लोग दूध रोटी खूब शौक से खाते हैं। बड़े बुजुर्ग खासकर रात के वक्त दूध रोटी का सेवन करते हैं। भले ही यह कॉम्बिनेशन आपको अजीब लग रहा हो लेकिन इसके फायदे कमाल के मिलते हैं।

## दूध रोटी खाने से मिलते हैं ये कमाल के फायदे

- दूध रोटी खाने से शरीर को कैल्शियम आयरन प्रोटीन और विटामिन जैसे पोषक तत्व मिलते हैं इससे हड्डियों को मजबूती मिलती है खून की कमी दूर होती है।
- दूध और रोटी दोनों ही साथ में आपको जरूरी अमीनो एसिड प्रदान करते हैं जो प्रोटीन का कंपलीट सोर्स होता है। वहीं प्रोटीन टिशू को रिपेयर करने में मदद करता है। इम्यून फंक्शन को सुधारता है।
- दूध रोटी खाने से आपका पेट स्वस्थ होता है। कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्या को कम करने में मदद मिलती है। इससे ब्लोटिंग की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।दूध और रोटी आंतों के लिए अच्छा माना जाता है।
- दूध एक संपूर्ण आहार है जिसमें सभी तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं तो वहीं रोटी में भी प्रोटीन फाइबर सहित कई तरह के पोषक तत्व होते हैं जो कमजोरी दूर करने में मदद कर सकते हैं। दुबले पतले लोगों को इससे वजन बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

## दूध में रोटी कैसे खाएं

- दूध रोटी खाने के लिए आप एक कटोरे में दूध गर्म कर लें। अगर मीठा पसंद है तो आप इसमें चीनी या गुड़ डाल सकते हैं। इसमें एक या दो रोटी को तोड़कर मिला दें। जब रोटी दूध में पूरी तरह से मिल जाए तो आप इसका सेवन कर सकते हैं।

# बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए पिएं ये आयुर्वेदिक काढ़े, नहीं होगी सर्दी-खांसी

बदलते मौसम में सर्दी-खांसी होना आम बात है, इस मौसम में जुखाम, खांसी और बुखार जैसी समास्याओं का खतरा बना रहता है। सीजनल चेंज के दैरान कई खतरनाक बीमारियां बढ़ जाती है, इसके बचाव के लिए लोग कई सारी दवाईयों के साथ घरेलू उपचार करते हैं लेकिन फिर भी आराम नहीं मिलता। सीजनल चेंज के दौरान कई सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। इस मौसम में सेहत का विशेष ख्याल रखा जाता है, बीमारियों से बचने के लिए घर पर ही आयुर्वेदिक काढ़ा पीकर सर्दी-खांसी को से बचाव किया जा सकता है। आयुर्वेदिक काढ़े के सेवन से वायरल इंफेक्शन और मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है।





## तुलसी

बदलते मौसम के वायरल इंफेक्शन से बचाने के लिए तुलसी का कढ़ा एक बेहतरीन विकल्प है। इसे बनाने के लिए तुलसी, अदरक, काली मिर्च और दालचीनी की जरुरत है, सबसे पहले इसे बनाने के लिए 1 गिलास पानी लें। अब इस पानी में 6-7 तुलसी के पत्ते, 1 टुकड़ा दालचीनी, 3-4 काली मिर्च, और थोड़ी सी अदरक कद्दूकस करके इस पानी को 5 मिनट तक उबाल लें। तुलसी के काढ़े को छानकर ठंडा करके पिएं, इसे गले की खराश भी ठीक हो जाएगी।

## अदरक

अदरक में सर्दी-खांसी से लड़ने के लिए सबसे बेहतर मानी जाती है क्योंकि इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे गुण मौजूद हैं। अदरक मौसमी बीमारियों के साथ-साथ फ्लू के लक्षण को भी खत्म कर देता है। अदरक का काढ़ा बनाने के लिए 1 इंट अदरक को कद्दूकस करके पानी में उबालें। जब पानी आधा हो जाए तो उसमें एक नींबू का रस और 1 चम्मच शहद मिला लें। इसके सेवन से बुखार में भी राहत मिलेगी।

## दालचीनी काढ़ा

दालचीनी में एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते है यह इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करती है, जिससे बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

दालचीनी काढ़ा बनाने के लिए सबसे पहले 1 गिलास पानी में एक टुकड़ा दालचीनी के साथ 3-4 काली मिर्च पानी में उबाल लें। उबालते समय पानी जब आधा हो जाए तब इसमें शहद मिला लें। इसे छानकर पिएं सर्दी-खांसी बीमारियां छूमंतर हो जाएगी।

## काली मिर्च काढ़ा

काली मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते है जो सांस संबंधी लक्षणों को कम करता है। इसे बनाने के लिए काली मिर्च के दाने, अदरक, तुलसी के पत्ते और शहद मिलाकर उबालें। यह काढ़ा सर्दी-खांसी को कम करने के लिए बहुत फायदेमंद हैं।



# सोते समय गला सूखना हो सकता है खतरनाक, इन बीमारियों का होता है जोखिम

कुछ लोगों को रात में सोते समय गला सूखने की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में व्यक्ति को बार-बार उठकर पानी पीना पड़ता है। इससे नींद खराब होती है। साथ ही, उसको अगले दिन थकान और आलस रहता है। दरअसल, सोते समय गला सूखने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। सोने से पहले अत्यधिक शराब का सेवन करना इसकी मुख्य वजह हो सकती है। कुछ लोग खाना खाने के बाद भी पानी नहीं पीते हैं। इसकी वजह से उनका गला सूखता है। इसके अलावा, गला सूखने की कई अन्य वजह हो सकती हैं।



## मुंह से सांस लेना

कुछ लोग रात को सोते समय मुंह से सांस लेते हैं। ऐसे में उनकी आहार नली में रूखापन होने लगता है। इसकी वजह से उनको सोते समय प्यास लग सकती है। यह समस्या तब होती है, जब व्यक्ति सोते समय नाक से पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं ले पाता है। ऐसे में उनको मुंह से सांस लेनी पड़ती है, जिसकी वजह से उनकी नींद बार-बार खुल जाती है।

## शरीर में पानी की कमी

कुछ लोग पर्याप्त पानी नहीं पीते हैं। इसकी वजह से उनके शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में व्यक्ति को रात में नींद के दौरान गला सूखने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आपको सोने में परेशानी हो सकती है। इसकी वजह से आपकी नींद में खलल पड़ती है।

## शराब और कैफीन का सेवन करना

रात को शराब का अत्यधिक सेवन करना या किसी काम को करते हुए कॉफी पीना आपके लिए समस्या का कारण बन सकता है। कुछ लोगों की रात को सोने से पहले शराब या कॉफी पीने की आदत होती है। इस आदत की वजह से सोते समय उनका गला सूख सकता है। इससे बचने के लिए रात में शराब और कैफीन न पिएं।

## डायबिटीज का संकेत

रात के समय डायबिटीज रोगियों को बार-बार प्यास लग सकती है। दरअसल, रात के समय ग्लूकोज को नियंत्रित करने के लिए शरीर को पानी की आवश्यकता होती है। कुछ लोगों को डायबिटीज की वजह से बार-बार यूरिन पास करने के लिए उठना पड़ता है। ऐसे में पानी न पीने के कारण गला सूख सकता है।

## स्लीप एपनिया

ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) में व्यक्ति को नींद में सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। इससे मरीज का स्लीप पैटर्न प्रभावित होता है। इस दौरान रोगी को नीद में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। इस समस्या में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ सकता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को प्यास लग सकती है। इसके अलावा, स्लीप एपनिया में व्यक्ति को खर्राटे आते हैं। ऐसे में व्यक्ति का गला सूख सकता है।

# लीवर में टॉक्सिन्स जमा होने पर शरीर में दिखते हैं ये संकेत, न करें नजरअंदाज

लीवर हमारे शरीर का अहम हिस्सा है। अगर आपका लीवर ही ठीक से काम नहीं करता, तो इसके कारण आपको कई परेशानियां हो सकती हैं। लीवर शरीर में पोषक तत्वों को सोखने और बॉडी डिटॉक्स करने में मदद कर सकता है। लेकिन लीवर में टॉक्सिन जमा होने लगते हैं, तो आपके बीमार होने की संभावनाएं भी उतनी ज्यादा रहती हैं। अगर आपके लीवर में टॉक्सिन बढ़ने लगते हैं, तो शरीर में कुछ संकेत नजर आने लगते हैं।



## कमर का बढ़ना

अगर आपकी कमर का साइज अचानक से बढ़ गया है, तो यह लीवर में ज्यादा टॉक्सिन्स होने का कारण हो सकता है। इसका मतलब होता है कि लीवर फैट मेटाबॉलिज नहीं कर पा रहा है।

## क्रोनिक थकान होना

अगर आपको अक्सर थकावट रहती है, तो यह भी लीवर से जुड़ी समस्या का कारण हो सकता है। ज्यादा थकावट होने का मतलब है कि लीवर ठीक से काम नहीं कर पा रहा है।

## ज्यादा पसीना आना

मौसम में गरमाहट होने के कारण पसीना आना आम बात है। लेकिन अगर आपको नॉर्मल मौसम में भी पसीना आता रहता है, तो यह लीवर में टॉक्सिन्स होने का कारण हो सकता है।

## त्वचा में खुजली होना

अगर आपको त्वचा में खुजली रहती है या मुहांसे की समस्या है, तो यह लीवर से जुड़ा हो सकता है। ये समस्याएं इशारा करती हैं कि लीवर में टॉक्सिन्स जमा हो रहे हैं। जिस कारण लीवर का काम धीमा हो गया है।

## सांसों से दुर्गंध आना

लीवर से जुड़ी समस्याएं भी सांसों से दुर्गंध आने का कारण बन सकती हैं। इसके कारण मुंह में बैक्टीरिया जमा होने लगते हैं, जो इंसुलिन प्रतिरोध और हाई ब्लड शुगर से जुड़ा हो सकता है।

## केमिकल्स से परेशानी होना

अगर आपको शराब या सुगंधों वाली चीजों से एलर्जी होती हैं, तो यह लीवर से जुड़ी समस्या का संकेत हो सकता है। यह संकेत देता है कि लीवर इन पदार्थों को पचा नहीं पा रहा है।

# रूखे और बेजान बालों से छुटकारा पाने के लिए पुरुष अपनाएं ये उपाय, दूर हो जाएगी बालों से जुड़ी कई समस्याएं

बालों की देखभाल न करना आपके लिए एक बड़ी समस्या का कारण बन सकता है। कुछ पुरुषों के बाल भी बेहद ड्राई रहते हैं। दरअसल, बालों पर ध्यान न देने की वजह से बालों का रूखापन बढ़ जाता है, जो आगे चलकर बालों के झड़ने का कारण बनता है। कुछ लोगों को बालों के रूखेपन की वजह से बालों के सफेद होने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। इन सभी से बचने के लिए पुरुषों को बालों को ड्राई होने से बचाना चाहिए।

**सही शैम्पू और कंडीशनर चुनें :** पुरुषों को बालों के रुखेपन को दूर करने के लिए उचित शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करना चाहिए। इस दौरान पुरुष रूखे बालों की समस्या को कम करने के लिए हाइड्रेटेड और पोषण से भरपूर उत्पादों को चुनना चाहिए। इसके अलावा, आप नारियल तेल, ऑर्गन ऑयल या शिया बटर का उपयोग कर सकते हैं। इससे बालों की जड़ों को नमी प्रदान होती है।

**बालों को रोजाना धोने से बचें :** जो पुरुष बालों को रोजाना धोते हैं उनके बालों में ड्राईनेस हो सकती हैं। दरअसल, पुरुषों को अपने बालों के प्रकार को समझकर, उन्हें रोजाना वॉश नहीं करना चाहिए। इससे बालों



का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है। ऐसे में आप पुरुषों को सप्ताह में कम से कम दो और ज्यादा से ज्यादा तीन बार तक धो सकते हैं। इसके लिए आप माइल्ड शैंपू का प्रयोग करें।

**कंडीशनिंग करें :** रूखे बालों से छुटकारा पाने के लिए पुरुषों को बालों की कंडीशनिंग करनी चाहिए। बालों की ड्राइनेस को दूर करने के लिए आप बालों पर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों की जड़ों पर न लगाएं। इससे भी बालों कमजोर हो सकते हैं।

**हीट स्टाइलिंग से बचें :** अत्यधिक हीट स्टाइलिंग बालों के रूखेपन और डैमेज का कारण बन सकती है। बालों को धोने के बाद उसे जोर-जोर से तौलिए से न पोछें। इसके अलावा, बालों पर हेयर ड्रायर, फ्लैट आयरन का उपयोग न करें। इससे बालों का रूखापन बढ़ता है।

## स्कैल्प मसाज शामिल करें

बालों की नियमित मालिश करने से बालों के रोम में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे बालों की जड़ों तक ऑक्सीजन पहुंचती है और बालों को पर्याप्त पोषण मिल पाता है। मसाज से तनाव आदि में आराम मिलता है।

# वजन बढ़ने के लिए डाइट में शामिल करें ये हाई कैलोरी फूड्स, मिलेगा फायदा

दुनियाभर में जहां कई लोग बढ़ते वजन और मोटापे से परेशान हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो वजन न बढ़ने और अपने दुबले शरीर से बहुत ज्यादा परेशान हैं। बहुत ज्यादा कम वजन होना भी कई स्वास्थ्य समस्या का कारण बन सकता है। ऐसे में आपको अपना वजन बढ़ाने पर फोकस करने की जरूरत है।

पतले लोगों को वजन बढ़ने के लिए अक्सर हाई कैलोरी फूड्स खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन वजन बढ़ाने के लिए आपको अपनी डाइट में सिर्फ हेल्दी फैट वाले फूड्स ही शामिल करना चाहिए।

**पीनट बटर :** पीनट बटर विटामिन और मिनरल्स जैसे विटामिन ई, मैग्नीशियम और पोटेशियम से भरपूर होते हैं। स्वस्थ वसा, प्रोटीन और कैलोरी से भरपूर होने के कारण वजन बढ़ाने के लिए ये एक अच्छा विकल्प है। यह आपके शरीर को लगातार एनर्जी देने में मदद करता है, मांसपेशियों की वृद्धि का समर्थन करता है और स्वस्थ चयापचय को बनाए रखने में मदद करता है।

**केले :** वजन बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में आप केला शामिल कर सकते हैं। केले कार्बोहाइड्रेट, प्राकृतिक शुगर और पोटेशियम से भरपूर एक पौष्टिक



फल हैं, जो आपके शरीर को तुरंत एनर्जी देने और आसानी से पचने में मदद करता है, जिससे वजन बढ़ाने में यह फायदेमंद होता है। केले को अपनी डाइट में आप स्मूदी या स्नैक्स के रूप में शामिल कर सकते हैं।

**आलू :** आलू एक स्टार्चयुक्त सब्जी है, जिसमें कार्बोहाइड्रेट और कैलोरी की मात्रा अधिक होती है। वजन बढ़ने के लिए शरीर में कैलोरी की मात्रा बढ़ाने के लिए आलू का सेवन एक बढ़िया विकल्प बन सकता है। आप आलू का सेवन सब्जी, फ्राई, चाट या अन्य तरीकों से कर सकते हैं।

**एवोकैडो :** एवोकैडो स्वस्थ वसा, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद कैलोरी की उच्च मात्रा वजन बढ़ाने के लिए भोजन और नाश्ते में आप शामिल कर सकते हैं। एवोकैडो मोनोअनसैचुरेटेड वसा प्रदान करता है, जो विटामिन ई, के और बी विटामिन के साथ-साथ हृदय स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद करता है।

**फलियां :** बीन्स, दाल और चने जैसी फलियां पौधे-आधारित प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और कैलोरी से भरपूर होते हैं। इसमें आयरन, फोलेट और मैग्नीशियम जैसे विटामिन और मिनरल्स भी मौजूद होते हैं, जो आपका वजन बढ़ाने में मदद मिलता है। अपनी डाइट में फलियां शामिल करने से शरीर में कैलोरी की मात्रा बढ़ती है, मांसपेशियों की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 7 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले के सरदारशहर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 में प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को सवेरे 10 बजे से दोपहर 01:30 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए हैं। संबंधित अभ्यर्थी वेबसाइट से ऑनलाईन अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्राचार्य हरीश कुमार मीणा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 07 फरवरी, 2026 को जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों सरदारशहर स्थित बेसिक पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका टांटिया उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। संबंधित अभ्यर्थी अपने-अपने प्रवेश पत्र ऑनलाईन समिति की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। किसी भी तरह की समस्या होने पर नवोदय विद्यालय सरदारशहर में व्यक्तिशः या दूरभाष नम्बर 9784075751 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## इस बार भी श्रद्धालु नहीं कर पाएंगे शिवगढ़ी में विराजमान एकलिंगेश्वर महादेव के दर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बिड़ला मंदिर समीप शिवगढ़ी में गत पांच वर्ष की भांति इस साल भी महाशिव रात्रि को भक्तों की भीड़ दिखाई नहीं देगी। इस बार भी मंदिर के पट बंद रहने की सूचना से भक्तों की आस टूटी नजर आ रहीं है। बताया जा रहा है कि मोती डूंगरी की पहाड़ी में सबसे ऊंची चोटी पर विराजमान प्राचीन एकलिंगेश्वर महादेव मंदिर शिवगढ़ी के द्वार इस महाशिवरात्रि पर भी श्रद्धालुओं के लिए 15 फरवरी को नहीं खोले जाएंगे। सुरक्षा कारणों और पहाड़ी की कमजोर स्थिति को देखते हुए लगातार छठे साल यह ऐतिहासिक मंदिर आमजन की पहुंच से दूर रहेगा। बताया जाता है कि जयपुर की स्थापना से भी पूर्व का यह शिवालय अपनी विशिष्टता के लिए विख्यात है। यहां शिव परिवार के स्थान पर महादेव का एक अति सूक्ष्म श्वेत शिवलिंग विराजमान है। साल भर में केवल एक बार महाशिवरात्रि के दिन इस मंदिर के कपाट खुलते थेए जहां दर्शन के लिए श्रद्धालु मध्यरात्रि से ही कई किलोमीटर लंबी कतारों में लग जाते थे। लेकिन पिछले करीब छह सालों से पहाड़ी के कुछ हिस्सों में गहरी दरारें आ चुकी हैं और चढ़ाई का मार्ग बेहद जर्जर हो चुका है। भारी भीड़ के चलते किसी भी संभावित दुर्घटना को टालने के लिए पूर्व राजपरिवार के अधिकार क्षेत्र वाले इस मंदिर को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। मंदिर के रास्ते पर पहाड़ी पर जगह-जगह चट्टानों की स्थिति के साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर को बंद करने का निर्णय पूर्व में राजपरिवार के सदस्यों ने लिया है ताकि मानवीय अनहोनी न हो।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णतः वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## चलती एक्सयूवी में अचानक से लगी आग, पति-पत्नी ने कूदकर बचाई जान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चलती एक्सयूवी कार में अचाकन से आग लग गई। जिसके बाद मुख्य मार्ग पर हड़कंप मंच गया। कार के बोनट से धुंआ निकलता देख चालक ने बड़ी ही सूझबुझ से कार को सड़क किनारे रोकी और पति-पत्नी ने बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। दम्पति की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले ही महज 10 मिनट में आग कार में पूरी तरह फैल गई और जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई। थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि बुधवार देर रात दुर्गापुरा पुलिया के समीप होप हॉस्पिटल के पास चलती हुई एक्सयूवी कार में अचानक से आग लग गई। कार के बोनट से धुआं निकलता देख दम्पति ने तुरंत कार को साइड में लगाया और बाहर की ओर कूद कर अपनी जान बचाई। राहगीरों की सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर 10 मिनट में आग पर काबू पाया। लेकिन आग पर काबू पाने से पहले कार पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील हो गई। बताया जा रहा है इस मामले में फ्लिहाल किसी भी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## जेजेटी यूनिवर्सिटी में ऑल इंडिया रिदम ऑफ यूथ 9 फरवरी से

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय विद्या नगरी जेजेटी यूनिवर्सिटी द्वारा 9 फरवरी से 11 फरवरी तक रिदम ऑफ यूथ 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में विजेताओं को 2 लाख तक के पुरस्कार तथा ट्राफियां प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिसमें इंडियन सोलो गायन, इंडियन एवं वेस्टर्न सोलो एवं ग्रुप डांस, डिबेट इंग्लिश एवं हिंदी, पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

प्रथम नगद पुरस्कार 11000, द्वितीय पुरस्कार 5100, तृतीय पुरस्कार 3100 नकद विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए जाएंगे तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक प्रवृत्तियों पर आधारित रचनात्मक मंच प्रदान करना है, जहाँ देशभर के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं कॉलेज स्तर के विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे।

# गिरदावर सर्किलों पर आयोजित हुए ग्राम उत्थान शिविर, विभागों ने दी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शीघ्र ही ष्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम-2026 का आयोजन करने जा रही है। श्ग्राम-2026 के इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रगतिशील किसानों और पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के क्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के गिरदावर सर्किलों पर गुरुवार को ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए गए। गुरुवार को चूरू उपखंड के सहनाली छोटी पंचायत मुख्यालय, बीदासर उपखंड के तेहनदेसर आईटी सेंटर, सुजानगढ़ उपखंड के बड़ाबर आईटी सेंटर, सरदारशहर उपखंड के घड़सीसर व जैतासर पंचायत मुख्यालय, राजगढ़ उपखंड के भगेला आईटी सेंटर, तारानगर उपखंड के सात्यूं आईटी सेंटर, रतनगढ़ उपखंड के राजलदेसर नगरपालिका कार्यालय में शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कृषि एवं उद्यानिकी, कृषि विपणन, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित अन्य विभागों ने अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं आमजन को दीं। इसी के साथ शिविरों में वीबीजीरामजी योजना का प्रचार-प्रसार किया गया और राष्ट्रगीत श्वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया।

### आज यहां आयोजित होंगे शिविर

इसी प्रकार शुक्रवार, 06 फरवरी को चूरू उपखंड के सिरसला पंचायत मुख्यालय, बीदासर उपखंड के सांडवा आईटी सेंटर, सुजानगढ़ उपखंड के जीली आईटी सेंटर, सरदारशहर उपखंड के रंगाईसर पंचायत मुख्यालय, राजगढ़ उपखंड के चांदगोठी आईटी सेंटर, तारानगर उपखंड के भालेरी आईटी सेंटर, रतनगढ़ उपखंड के गौरीसर पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में शनिवार, 07 फरवरी को चूरू उपखंड के झारिया पंचायत मुख्यालय, सुजानगढ़ उपखंड के कानूता आईटी सेंटर, सरदारशहर उपखंड के पूलासर पंचायत मुख्यालय, राजगढ़ उपखंड के हमीरवास व धानोठी बड़ी आईटी सेंटर, तारानगर उपखंड के अलायला के लिए पंचायत समिति कार्यालय, रतनगढ़ उपखंड के मैणासर पंचायत मुख्यालय, रविवार, 08 फरवरी को चूरू उपखंड के रतननगर नगरपालिका कार्यालय, सरदारशहर उपखंड के सरदारशहर पंचायत समिति कार्यालय, राजगढ़ उपखंड के सांखू आईटी सेंटर, रतनगढ़ उपखंड के लोहा पंचायत मुख्यालय तथा सोमवार, 09 फरवरी को चूरू उपखंड के चूरू पंचायत समिति कार्यालय, बीदासर उपखंड के बीदासर पंचायत समिति कार्यालय, सुजानगढ़ उपखंड के रणधीसर आईटी सेंटर, राजगढ़ उपखंड के राजगढ़ कस्बे के लिए पंचायत समिति कार्यालय व सिद्धमुख आईटी सेंटर, तारानगर उपखंड के बांय आईटी सेंटर में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जाएंगे।



# फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। शिव का अर्थ है सदा कल्याणकारी। महाशिवरात्रि शिवतत्व की रात्रि है, जो मोक्ष प्रदान करने वाली मानी जाती है। व्रत, जागरण और रुद्राभिषेक से दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।



स्कंद पुराण और शिव पुराण में महाशिवरात्रि को मोक्षदायिनी रात्रि बताया गया है। महाशिवरात्रि के साथ ही माघ मेला का अंतिम स्नान पर्व भी संपन्न होगा, जिसके बाद मेला क्षेत्र से संत-महात्मा और श्रद्धालु अगले वर्ष पुनरू आने का संकल्प लेकर तीर्थराज प्रयाग से विदा होंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार त्रयोदशी तिथि 14 फरवरी को अपराह्न 3.11 बजे से प्रारंभ होकर 15 फरवरी को शाम 4.23 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्दशी तिथि लगेगीए जो महाशिवरात्रि पर्व के लिए अनिवार्य मानी जाती है।

महाशिवरात्रि की रात्रि में विशेष पूजा-अर्चना का विधान है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को शाम 7.28 बजे तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा तथा इसके बाद श्रवण नक्षत्र का आरंभ होगा। वहीं कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र और राहु के एक साथ संचरण से दुर्लभ चतुर्ग्रहीय योग बन रहा है। इस विशेष योग में स्नान, दान और शिव उपासना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। डॉ. मिश्रा के अनुसार यौगिक परंपरा में भगवान शिव को देवता नहीं बल्कि आदिगुरु अर्थात प्रथम गुरु माना गया है। शिव से ही ज्ञान की उत्पत्ति मानी जाती है। मान्यता है कि सहस्त्राब्दियों के ध्यान के उपरांत जिस दिन भगवान शिव कैलाश पर्वत पर पूर्णतः स्थिर हुए, वही दिन महाशिवरात्रि के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

## 36 लाख का डोडापोस्त पकड़ा, कार चालक फरार

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** मेगा हाइवे पर गुरुवार की अलसुबह गश्त कर रही पुलिस ने एक कार से दो क्विंटल 41 किलो 400 ग्राम डोडापोस्त को जब्त किया है। वहीं आरोपी कार को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। जब्त माल की कीमत करीब 36 लाख रुपए बताई गई है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि प्रशिक्षु डीवाईएसपी स्वाति एवं सब इंस्पेक्टर रतनलाल मय जाब्ता मेगा हाइवे पर मालासर टोल के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान शहर की तरफ से एक कार आती हुई दिखाई दी, जिसके चालक ने पुलिस को देखकर कार को घुमा लिया तथा शहर की तरफ चला गया। शंका होने पर पुलिस ने पीछा किया। करीब 25 किलोमीटर तक पुलिस द्वारा कार का पीछा किया गया तो उसमें सवार चालक वाहन को घुमान्दा रोड पर आदर्श विद्या मंदिर के पास वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 14 कट्टों में दो क्विंटल 41 किलो 400 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ है।

कार में अलग-अलग नम्बरों की पांच नम्बर प्लेट्स भी बरामद हुई है, जिन्हें जब्त कर कार चालक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर प्रांत कार्यालय का हुआ लोकार्पण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आज घुमंतू जाति उत्थान न्यास के अखिल भारतीय कार्य अधिकारी दुर्गादास जी ने जयपुर में माँ गायत्री व भारत माता के पूजन के उपरांत नारियल फोड़कर व दीप प्रज्वलित कर घुमंतू जाति उत्थान न्यास के जयपुर प्रांत कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के सभी लोगों से घुमंतू समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए आगे बढ़कर कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अभावग्रस्त लोगों की सहायता करना ही मानव धर्म और सेवा है। आज आवश्यकता है कि हम अन्य समुदायों के साथ ही घुमंतू समुदाय के बीच भी ब्रिज व नाव बनकर उन्हें अपने साथ लेकर चलें। उनके उत्थान व शासन की हर योजना का लाभ उन तक पहुंचाने में अपना अपना योगदान व सहयोग करें। जयपुर प्रांत संयोजक महेन्द्र सिंह राजावत ने स्वागत उद्बोधन में जयपुर प्रांत में चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्यालय के लिए भवन परिसर उपलब्ध करवाने पर आशीष शर्मा का आभार जताया। इस अवसर पर घुमंतू समाज के लिए कार्य करने पर आशीष शर्मा, राजाराम गुर्जर तथा बिजेन्द्र कुमार शर्मा को गायत्री मंत्र का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित भी किया गया। महेश नोगिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## भक्ति भाव से मनाया भगवान पदमप्रभू का मोक्ष कल्याणक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के छठें तीर्थंकर भगवान पदमप्रभू का मोक्ष कल्याणक दिवस गुरुवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर राजधानी सहित आसपास के दिगम्बर जैन मंदिरों में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया।

राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रातः पदमप्रभू भगवान के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई । पूजा के दौरान निर्वाण काण्ड भाषा बोलकर मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया । आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा में गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ सान्निध्य में मुख्य आयोजन हुआ। क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष सुधीर जैन व



मंत्री हेमन्त सोगाणी के नेतृत्व में प्रातः मूल नायक पद्मप्रभ भगवान की प्रतिमा के विशेष अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। जिसके तत्पश्चात निर्वाण पूजा की जाकर निर्वाण काण्ड भाषा का सामूहिक उच्चारण किया गया। तत्पश्चात जयकारों के साथ 21 किलो का मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया । अन्त में भगवान पदमप्रभू की महाआरती की गई। जिसके तत्पश्चात बैण्ड बाजों के साथ जुलूस के रुप में नाचते गाते श्रद्धालु कस्बें के पद्मप्रभ मंदिर पहुचे । जहां गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के सानिध्य में जयकारों के बीच भगवान पदमप्रभू का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। प्रातः सवा 10 बजे से जयकारों के बीच भगवान पदमप्रभू की विशाल खड्गासन प्रतिमा के अति भव्य पंचामृत महामस्तकाभिषेक किया गया । इस मौके पर जल, चन्दन, दुग्ध, दही, घृत, सर्वौषधि, हल्दी, इक्षुरस, अनार, मौसमी, नारियल, सुगन्धित जल, से महामस्तकाभिषेक के बाद पुष्प बरसा, गए। इस दौरान कलशा डालो रे डालो रे नर नारी, पदमप्रभू भगवान का मस्तकाभिषेक, भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। तत्पश्चात शांतिधारा का पुण्यार्जन मुनि भक्त दीपक बिलाला ने किया। महाआरती के साथ समापन हुआ। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रद्धा भाव से प्रभू के अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना करने से इस भव के साथ अगला भव भी सुधरता है। गौरतलब है कि 7 फरवरी को जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का ज्ञान कल्याणक, रविवार, 8 फरवरी को जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक तथा आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभू का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होगें।

## प्राकृतिक खेती बना स्वास्थ्य और मानव कल्याण का नया आधार

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** ग्राम उत्थान शिविर भीमसर में 5 फरवरी 2026 को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में कृषि अधिकारी मनमोहन सिंह ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के दुष्परिणामों से मिट्टी की उर्वरता, भूजल स्तर और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल लागत कम करती है, बल्कि किसानों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सुरक्षित विकल्प है। कार्यक्रम में तहसीलदार डॉ. सुरेन्द्र भास्कर ने बताया कि प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर की गई खेती ही स्थाई लाभकारी है। वर्तमान परिस्थितियों में किसानों को ऑर्गेनिक तरीके से व्यावसायिक खेती करनी चाहिए। उन्होंने काश्तकारों को राजस्व संबंधी समस्याओं के तत्काल निस्तारण का भरोसा दिलाया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना व फार्मर रजिस्ट्री की जानकारी देते हुए किसानों को खाता विभाजन करवाने के लिए प्रेरित किया।

इसके अलावा तहसीलदार डॉ. भास्कर ने बताया कि अब किसान राज किसान गिरदावरी ऐप के माध्यम से स्वयं भी अपने खेत की गिरदावरी कर सकता है। शिविर संचालक राजेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक खाद, बीज उपचार तथा मृदा संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने का आह्वान किया गया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी सीताराम ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## पैरालीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर की सचिव शालिनी गोयल ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों, जेल, जेजेबी पर स्थापित विधिक सेवा क्लिनिक एवं विभिन्न विधिक सेवा कार्यक्रमों के संचालन के लिए पैरालीगल वॉलिंटियर्स (अधिकार मित्र) की नियुक्ति की जाएगी। इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर में 6 तथा तालुका स्तर पर तालुका विधिक सेवा समितियों- नीमकाथाना में 3, लक्ष्मणगढ़ में 5, फतेहपुर में 3, श्रीमाधोपुर में 4 एवं दांतारामगढ़ में रिक्त पदों हेतु सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदनकर्ता आवेदन-प्रपत्र जिला न्यायालय, सीकर की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर एवं संबंधित तालुका विधिक सेवा समिति के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। सीकर मुख्यालय के लिए आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर में तथा तालुका स्तर के लिए संबंधित तालुका विधिक सेवा समिति कार्यालय में व्यक्तिशः 7 फरवरी तक जमा कराए जा सकेंगे। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी।

## अपनी क्षमताओं को पहचानें और जागृत करें : आचार्य प्रसन्न सागर महाराज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अहिंसा संस्कार पद यात्रा के प्रणेता आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने कहा कि परिस्थितियां कभी समस्या नहीं होतीं, समस्या तब बनती है जब व्यक्ति निक्रिय होकर उनका सामना नहीं करता। वे गुरुवार को अग्रवाल फार्म स्थित थड़ी मार्केट के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे। आचार्य ने कहा कि आज जीवन जटिलताओं और तनाव से घिरा हुआ है, लेकिन समाधान हमारे भीतर ही है।



आवश्यकता है कि हम अपनी क्षमताओं को जानें, पहचानें और सुसुप्त शक्तियों को जागृत करें। लक्ष्य, दिशा और प्रयास स्पष्ट हों तो समस्याएं स्वतः समाप्त होने लगती हैं। इससे पूर्व आचार्य का आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर थड़ी मार्केट स्थित मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा, मंगल आरती और जयकारों के साथ स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर पाद पक्षालन एवं मंगल आरती की गई।

धर्म सभा के बाद जिनवाणी स्तुति, सामायिक, गुरु पूजा, सामूहिक प्रतिक्रमण तथा संगीतमय गुरु भक्ति और आनंद यात्रा का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जयपुर प्रवास समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शुक्रवार को आचार्य का सिद्धार्थ नगर दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा, जहां धर्म सभा में मंगल प्रवचन दिए जाएंगे।

## बैठक 14 फरवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है।

अंतिम प्रकाशन के संबंध में आवश्यक चर्चा किए जाने तथा मतदाता सूचियों की प्रतियां उपलब्ध करवाए जाने के लिए 14 फरवरी को प्रातः 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190